हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, बुधवार, 1 मई 2024


तापमान

अधिकतम 42.4 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री



11 डुंडेरा में बिजली की आंख मिचौली से ग्रामीण परेशान



11 मतदाता जागरुकता अभियान में दिलाई शपथ








# अभ्युदय संस्थान करेगा यूनिवर्सिटी को पाठ्यक्रम निर्माण में सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

## मानवीय चेतना विकास तथा मूल्य शिक्षा पर केंद्रित होगा पाठ्यक्रम



अलग खबर

अभ्युदय संस्थान द्वारा मानवीय चेतना विकास तथा मूल्य शिक्षा पर केंद्रित पाठ्यक्रम निर्माण में हेमचंद यूनिवर्सिटी को सहयोग करेगा। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश में अगामी नये शिक्षण सत्र से लागू होने वाली राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन के परिपालन में सार्थक पहल की गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंम्परा का समावेष करते हुए विषेष महत्व दिया गया है। इस पर संज्ञान लेते हुए विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा की उपस्थिति में विश्वविद्यालय की स्थापना दिवस के अवसर पर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग तथा मानवीय शिक्षा शोध संस्थान, अभ्युदय संस्थान, अछोटी के मध्य एम.ओ.यू हस्ताक्षरित किया गया। इस एमओयू पर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप तथा अभ्युदय संस्थान अछोटी की ओर से डॉ. संकेत ठाकुर ने हस्ताक्षर किये। इस दौरान अपर संचालक उच्च शिक्षा विभाग दुर्ग संभाग डॉ. राजेश पांडे, कल्याण महाविद्यालय भिलाई के प्राचार्य डॉ. आर. पी. अग्रवाल, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव सहित विष्वविद्यालय के अनेक अधिकारी उपस्थित थें।

### एमओयू शोध विद्यार्थियों के लिए लाभकारी- कुलपति

एमओयू को विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों, प्राचार्यों, शोधार्थियों तथा छात्र–छात्रओं के लिए लाभकारी बताते हुए कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा ने कहा कि अभ्युदय संस्थान द्वारा मानवीय चेतना विकास तथा मूल्य शिक्षा पर केंद्रित पाठ्यक्रम निर्माण में विष्वविद्यालय को सहयोग किया जायेगा। जिसका अनुप्रयोग भारतीय ज्ञान परम्परा से संबंधित पाठ्यक्रम के अंतर्गत किया जायेगा। मानव समाज के लिए रोड मैप तथा दर्शन पर आधारित मध्यस्थ दर्शन से संबंधित प्रशिक्षण अभ्युदय संस्थान द्वारा दिया जाता है। विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से ग्रीष्म अथवा शीत अवकाश में महाविद्यालयीन प्राध्यापकों, शोधार्थियों को इस आवासीय प्रशिक्षण में हिस्सा लेने हेतु भेजना आरंभ करेगा। इस अवसर पर उपस्थित अपर संचालक डॉ. पांडे ने इस एमओयू के क्रियान्वयन में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## आईआईटी भिलाई और प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के बीच नया समझौता

**भिलाई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई और छत्तीसगढ़ विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर ने विभिन्न शैक्षणिक और अनुसंधान क्षेत्रों के लिये समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। इनकी रुचियां अनुसंधान, प्रशिक्षण, विकास और ज्ञान के प्रसार के क्षेत्र में हैं।बौद्धिक संपदा अधिकारों को बढ़ावा देना, उद्योग सहयोग और छत्तीसगढ़ राज्य में सामाजिक विकास में योगदान देना इस समझौता ज्ञापन के प्राथमिक उद्देश्य होंगे। आईआईटी भिलाई इन क्षेत्रों में अपनी विशेषज्ञता प्रदान करेगा। इसका लक्ष्य रणनीतिक संबंधों को विकसित करना और बढ़ावा देना है। विशेष रूप से विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार परिस्थिति की तंत्र, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और आईपी फाइलिंग और प्रौद्योगिकी गांवों में गहरी तकनीक हस्तक्षेप में पारस्परिक हित के तकनीकी विषयों पर सहयोगात्मक रूप से काम करने के लिए है। कर्मचारियों, छात्रों, समुदाय और उम्मीदवारों को उनके मौलिक ज्ञान और कुछ नवीनतम तकनीक के पीछे अवधारणाओं को बढ़ाने में सहायता करने के लिए यह समझौता हुआ है। यह समझौता ज्ञापन हमें दोनों संगठनों की अभिनव क्षमता को मजबूत करने और उद्योग.संचालित अनुसंधान और नवाचार को आगे बढ़ाने में सहायता प्रदान करेगा।

## खबर संक्षेप

### अवतरण दिवस 2 को



**भिलाई।** विश्व जागृति मिशन दुर्ग-भिलाई मंडल द्वारा सुधांशु महाराज के अवतरण दिवस को श्रद्धा पर्व के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। जिसके तहत दुर्ग में महावीर हनुमान मंदिर इंदिरा मार्केट और भिलाई में जगदंबा मंदिर हुडको में गुरुवार 2 मई को पर्व मनाया जाएगा। विश्व जागृति मिशन भिलाई मंडल के शिव देवांगन ने बताया कि गुरुवार को 10 बजे बुजुर्ग जनों का शाल श्रीफल देकर सम्मान किया जाएगा। सत्संग और पूजा अर्चना का आयोजन भी किया गया है। दुर्ग मंडल के गणेशराम देशमुख के महावीर हनुमान मंदिर में 8 बजे से हवन पूजा एवं सत्संग का कार्यक्रम है। गुरुवर सुधांशु महाराज के कहे अनुसार बुजुर्गों का पैर पखार कर शाल एवं श्रीफल भेंटकर पूजा कर सम्मान किया जाएगा। उसके बाद आरती एवं प्रसादी वितरण भी किया जाएगा। मिशन के एचएस गुप्ता ने अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

### राष्ट्रीय संयोजक योगेंद्र 2 को भिलाई में



**भिलाई।** भारत जोड़ो अभियान के राष्ट्रीय संयोजक एवं सामाजिक कार्यकर्ता योगेंद्र यादव 2 मई को भिलाई प्रवास पर रहेंगे। इस अवसर पर संविधान संवाद-1 का आयोजन 2 मई गुरुवार को शाम 5 बजे से जैन भवन सेक्टर 6 में किया जा रहा है। जिसमें वे ''मतदाता का राजनीतिक बोध, दायित्व और भूमिका'' विषय पर अपने विचार रखेंगे साथ ही बुद्धिजीवियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे।

### सरस सत्संग 3 को

**भिलाई।** रविवार 3 मई को सरस सत्संग कार्यक्रम का आयोजन शिव मंदिर 20बी भिलाई में शाम 5 बजे किया जा रहा है। विशेष अतिथि व वक्ता स्वामी तन्मयानन्द महाराज (अम्बिकापुर) होंगे। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थिति की अपील सारदा रामकृष्ण संघ ने की।

### मकान से जेवरात और बाइक पार, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 380, 457 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि बजरंग पारा हथखोज निवासी अजय कुमार पासवान ड्रायवरी काम करता है। मकान में ताला जड़कर परिवार समेत शादी कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम केंवट लिया थाना दरौली जिला सिवान बिहार गए थे। इस दौरान मकान को देख रेख करने पड़ोसी से कहा था। पडोसी ने पीड़ित को कॉल कर बताया कि उनके मकान का ताला टूटा पड़ा है। सूचना पर परिवार वाले वापस अपने घर लौटे मकान का सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। मकान से 11 नग चांदी का सिक्का, सोने का मंगलसूत्र समेत अन्य जेवरात, बाइक सीजी 07 बीयू 7624 गायब मिला। बाइक की कीमत 39 हजार रुपए आंकी गई है।

**घोटाला :** कंपनी ने नहीं दिया दस्तावेज और तकनीकी जानकारी

# स्पैरो ने किया टैक्स घोटाला, रकम लेकर करदाताओं को नहीं दी रसीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

स्पैरो कंपनी द्वारा लाखों रुपए का टैक्स घोटाला किया गया है। नगर निगम के राजस्व अधिकारी जब मौके पर टैक्स की वसूली करने जा रहे हैं, उस दौरान इस बात का खुलासा हो रहा है कि कंपनी द्वारा करदाताओं से रकम लेने के बाद उन्हें रसीद नहीं दी गई है। इस तरह कंपनी द्वारा लाखों रुपए की आर्थिक अनियमितता किए जाने की आशंका जताई जा रही है। कंपनी के इस घोटाले के खुलासे के बाद नगर निगम द्वारा नोटिस जारी किया गया है।

मिली जानकारी अनुसार नगर निगम द्वारा 24 घंटे के अंदर जवाब मांगा गया था लेकिन सप्ताह भर गुजार चुके हैं। कंपनी ने जवाब नहीं दिया है। अफसर ने बताया कि, 31 मार्च 2023 को समाप्त हो चुका है। लेकिन स्पैरो कंपनी द्वारा नगर निगम को दस्तावेज सहित टेक्निकल जानकारी और और नहीं किया गया है। कम्पनी का कार्यकाल 31/03/2024 तक समाप्त हो गया हैं। नगर पालिक निगम, दुर्ग से हुए अनुबंध अनुसार कम्पनी के कार्यकाल समाप्ति उपरांत अनुबंध अवधि से अनुबंध समाप्ति उपरांत तक का संपूर्ण डाटा प्रति वर्ष इस निकाय को उपलब्ध कराया जाना था। जिस हेतु निगम कार्यालय में पदस्थ मैनेजर, अधिकारी को इस निकाय द्वारा डाटा उपलब्ध कराये जाने हेतु लिखित व मौखिक रूप से अवगत कराया गया था। किन्तु कम्पनी के द्वारा आज दिनांक तक सम्पूर्ण डाटा उपलब्ध नहीं कराया गया हैं। निगम के राजस्व अधिकारी, प्रोग्रामर द्वारा लगातार उच्च स्तर अधिकारी एवं आई०टी० के कर्मचारियों से दूरभाष में संपर्क किया गया। लेकिन कम्पनी द्वारा टैक्स से संबंधित डाटा उपलब्ध नहीं कराया गया हैं।

**4000 घरों का भी डाटा गायब, मांगा गया ब्यौरा**

### निगम ने आठ बिंदु में मांगी जानकारी

नगर निगम द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि, दिया गया डाटा स्पष्ट नहीं है डाटा अपूर्ण हैं। लगभग 4000 मकानों का डाटा में उल्लेख नहीं हैं। बाकाया डिमांड में वर्ष की जानकारी नहीं हैं। (कितने वर्षों से करदाता बाकाया है), वही विगत सात वर्षों का सम्पूर्ण डाटा स्टेक्चर, बेकप डाटा के साथ उपलब्ध कराना और निगम क्षेत्रांतर्गत सम्पूर्ण भवन में लिये गये यूजर चार्ज का डिमांड में उल्लेख नहीं हैं। एवं भवन के उपयोगीता के अनुसार नहीं लिया गया हैं। करदाताओं के द्वारा प्रतिवर्ष वसुल की गई राशि एवं बकाया राशि की मद वार जानकारी इस निकाय को उपलब्ध कराया जायें। (वर्ष 2017-18 से वर्ष 2023-24 तक)।




### निगम की छवि हो रही धूमिल

वर्तमान में निकाय के द्वारा राजस्व वसूली की जा रही हैं, जिनमे कई करदाताओं के द्वारा शिकायत की जा रही हैं, कि मेरे द्वारा टैक्स की राशि जमा कर दी गई हैं। लेकिन आपके कम्पनी के कर्मचारी द्वारा उनको पर्ची दी गई हैं। परन्तु टैक्स रसीद नहीं दी गई हैं, जिसके कारण निकाय की छबी धुमील हो रही हैं। अतः समस्त ऐसे करदाताओं को रसीद तत्काल उपलब्ध कराने निगम ने खुद नोटिस में उल्लेख किया है। कम्पनी से प्रतिवर्ष वार्षिक गोस्वारा एवं प्रत्येक वार्ड के मांग / वसूली की जानकारी चाही गई थी, जो की आज दिनांक तक यार्षिक गोस्वारा को छोड़ अन्य जानकारी उपलब्ध नहीं करायी गई हैं। डाटा वर्षवार उपलब्ध कराने कहा गया है। वही निजी जलकर का कई वर्षों में मिटर रिडिंग के हिसाब से राशि लिया जा रहा था उसका डाटा भी अप्राप्त हैं।

### नोटिस जारी किए सप्ताहभर बीत गए

ठेका अवधि समाप्त होने के बाद कंपनी द्वारा निगम को करीब 20 लाख रुपए का हिसाब भी नहीं दिया गया है जो वित्तीय वर्ष के अंतिम 2 दिन में वसूल किए गए थे। इंतामम मामले को लेकर विगत 22 अप्रैल को पत्र प्राप्ति के 24 घण्टे के अंदर जानकारी प्रस्तुत करने निर्देश दिए गए थे। अन्यथा की स्थिति में निकाय के द्वारा की गई अनुबंध शर्तों का उल्लघन करने के कारण आपकी कम्पनी के विरूद्ध नगर पालिक निगम, अधिनियम के प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्यवाही प्रस्तावित था, लेकिन अब तक निगम प्रशासन हाथ पैर हाथ धरे बैठी है।

दुर्ग कोर्ट का फैसला

# पति की कुल्हाड़ी मारकर हत्या, आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पारिवारिक विवाद में पति की कुल्हाड़ी मारकर हत्या करने के मामले में पत्नी को दुर्ग कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा दी है। यह फैसला तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सुनाई। मामले के मुताबिक 29सितंबर 2000 की रात करीब एक बजे ग्राम कापसी थाना अमलेश्वर निवासी अनंत सोनवानी की हत्या हो गई। हत्या अनंत की दूसरी पत्नी संगीता सोनवानी ने की थी। कोर्ट ने इस मामले में संगीता को धारा 302 के तहत दोष सिद्ध पाते हुए आजीवन करावास व 2 हजार रुपए अर्थदंड और धारा 201 के तहत एक साल सश्रम कारावास और 500 रुपए अर्थदंड रोपित किया है। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेगी।

- कापसी गांव की घटना आरोपी दूसरी पत्नी थी मृतक की

### पति और पत्नी के बीच में होता था अक्सर विवाद

घटना के मुताबिक अनंत सोनवानी की पहली पत्नी मंजू सोनवानी से एक पुत्र अर्श ऊर्फ हर्ष सोनवानी था। मंजू से सामाजिक तलाक के बाद संगीता सोनवानी को अनंत ने अपनी पत्नी बनाकर रखा था। इससे चार साल की बच्ची भी थी। आरोपी संगीता ने यह स्वीकार किया कि उसका पति अनंत उसे कालीकलूटी कहता था और पंसद नहीं करता था। घर से निकल जाने को कहता था। घटना के दिन रात को वह शराब पीकर आया था। हर्ष मोबाइल देख रहा था जिसे संगीता ने मांगा लेकिन वह नहीं दिया तो दोनों में विवाद हो गया। रात जब अनंत आया तो उसके पुत्र हर्ष ने यह बात उसे बताई। जिसे लेकर पति-पत्नी में लड़ाई शुरू हो गई।

### हत्या कर कुएं में फेंक दी कुल्हाड़ी

आरोपी पत्नी संगीता ने अपने पति अनंत की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी थी और साक्ष्य छिपाने के लिए कुंए में कुल्हाड़ी फेंक दी थी। जिसे पुलिस ने जांच के दौरान बरामद किया। घटना के दूसरे दिन सुबह हर्ष ने अपने बड़े पापा गुरूमेंद सिंह सोनवानी को फोन से यह सूचना दी कि पापा को किसी ने धारदार हथियार से मार दिया है। गुरूमेंद सिंह ने इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज करवाई। हर्ष के गवाही पर उसकी सौतेली मां संगीता से पुलिस ने पूछताछ की तो उसने हत्या करना स्वीकार किया।

### चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

भिलाई। चाकू लहराते हुए युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शनिचरी बाजार रुआबांधा के पास मुकुल सोना नामक युवक धारदार चाकू लेकर लोगों को डरा-धमका रहा था। मौके पर पहुची पुलिस ने मुकुल को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। आरोपी से एक स्टील का धारदार चाकू बरामद किया है।

## कुख्यात बदमाश जिला बदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी वे आदतन शातिर बदमाश मोहित सिन्हा को जिला बदर की कार्रवाई की गई है। आम जनता में अमन-चैन, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की वैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत उक्त कार्रवाई की गई। जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार वार्ड नंबर 02 राजीवनगर दुर्ग निवासी मोहित सिन्हा को राजस्व जिला दुर्ग और उसके सीमावर्ती जिले रायपुर, बेमेतरा, खैरागढ़-छुईखदान, गंडई, राजनांदगांव, बालोद, धमतरी जिला की सीमाओं से आदेश पारित की तिथि से एक सप्ताह के भीतर हटने अथवा बाहर चले जाने कहा गया है। बदमाश मोहित को इस तिथि से एक वर्ष की अवधि तक उक्त जिलों की सीमाओं में जिला दण्डाधिकारी के बिना अनुमति के प्रवेश नहीं कर सकता है। एसपी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में आरोपी के खिलाफ दुर्ग के विभिन्न थानों में कई अपराध पंजीबद्ध किए गए है। जिस आधार पर यह कार्रवाई की गई।

- कई अपराध हैं दर्ज

## पुलिस के पेट्रोलिंग वाहन पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पुलिस की पेट्रोलिंग वाहन पर अपचारी बालको द्वारा हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।तीन बालको को पुलिस ने हिरासत में लिया।

घटना शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात की बताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस वाहन मोहन नगर थाने की है। पेट्रोलिंग वाहन में हवलदार विश्वजीत टंडन, आरक्षक शकील खान सिकोला भाठा अंडर ब्रिज से निकल रहे थे। अंडरब्रिज के भीतर पेट्रोलिंग वाहन जैसे ही प्रवेश किया। अचानक से अंडरब्रिज से बाहर निकल रहे वाहन पर अंधा धुंध ईट से हमला किया गया। हमला में वाहन के सामने लगे कांच का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हमला से पेट्रोलिंग वाहन में सवार पुलिस कर्मी हड़बड़ा गए। सूचना मिलते ही दुर्ग सिटी कोतवाली, पद्मनाभपुर की पेट्रोलिंग, बाइक पेट्रोलिंग डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। लेकिन तब तक अपचारी बालक फरार हो चुके थे। घटना के दूसरे दिन सूचना मिलते ही देर रात हमला करने वालों में तीन अपचारी बालको को पकड़ने पुलिस पहुची। पूछताछ करने के बाद बालको को समझाइश देकर छोड़ दिया गया। जिस पेट्रोलिंग वाहन में हमला हुआ उस क्रमांक सीजी 03 6412 है।इसे लेकर दुर्ग सीएसपी चिराग जैन के मोबाइल पर कॉल करने पर उन्होंने रिसीव तक नहीं किया।

- तीन अपचारी बालक ने दिया घटना को अंजाम
- मोहन नगर थाना क्षेत्र की घटना पर पुलिस जांच शुरु

**आईजी ने रेंज स्तरीय बैठक लेकर बनाई रणनीति**

# सायबर अपराधों को रोकने अफसरों को मिलेगी ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बढ़ते सायबर अपराधों को रोकने के लिए आईजी राम गोपाल गर्ग ने रेंज स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर दिसा निर्देश दिया है। इसके अलावा सायबर नोडल समेत प्रभारी, सायबर सिस्टम एडमिन की भी बैठक ली। इस दौरान ऑनलाइन माध्यम से एसपी जितेंद्र शुक्ला, बालोद एसपी एसआर भगत, एसपी बेमेतरा रामकृष्ण साहू शामिल हुए। आईजी रामगोपाल गर्ग के द्वारा पुलिस मुख्यालय नया रायपुर से साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए दिशा निर्देश के बारे में जानकारी दी। रेंज के जिलों के सायबर सेल प्रभारी, सिस्टम एडमिन की बैठक के माध्यम से ऑनलाइन पोर्टल से प्राप्त शिकायतों पर किए जाए रही कार्रवाई। का संक्षिप्त विवरण लेकर फीड किए जा रहे सभी प्रकार के डाटा, अपराधों की विवेचना, एफ.आई.आर. समेत सभी प्रकार की जांच कार्रवाई की समीक्षा भी है। सायबर पोर्टल ,जेसीसीटी में लंबित शिकायतों पर जोर दिया। ऑनलाइन शिकायतों पर फ्रीज अमाउंट, होल्ड अमाउंट, डिफ्रीज की प्रक्रिया को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। बैठक में एएसपी सुखनंदन राठौर, ऋचा मिश्रा डीएसपी हेम प्रकाश नायक, ट्रेनी आईपीएस चिराग जैन, बेमेतरा ज्योति सिंह, बालोद से एएसपी अशोक जोशी, डीएसपी देवांस सिंह राठौर, दुर्ग रेंज कार्यालय से शिल्पा साहू और जिलों के साइबर सेल प्रभारी, सिस्टम एडमिन मौजूद थे।



### साइबर की बेसिक ट्रेनिंग भी

आईजी ने कहा किहा भविष्य में रेंज के सभी थानों से कम से कम 1 से 2 अधिकारियों को साइबर की बेसिक ट्रेनिंग दी जाएगी। जिसमें साइबर से जुड़े मामले आने पर साइबर सेल पर डिपेंड ना कर स्वतंत्र रूप से काम करने की बात कही है। जेसीसीटी के माध्यम से प्राप्त जानकारी में आवश्यक कार्रवाई, एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से शिकायतों पर कार्रवाई, एनसीआरटी पोर्टल पर आमजनों द्वारा साइबर अपराध से जुड़े शिकायत दर्ज करने, महिला और बच्चों के खिलाप घटित साइबर अपराध शिकायतों का निराकरण, सीईआईआर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निराकरण, साइबर अपराध में संलिप्त मोबाईल आईएमआई नंबर के विच्छेदन, साइबर अपराध से जुडे जानकारी प्रेषित करना होगा।





पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301

## खबर संक्षेप



### आसाराम बापू का मनाया 88 वां अवतरण दिवस

**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वधान में संत आसाराम बापू का 88 वा अवतरण दिवस बेलौदी आश्रम दुर्ग में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुवात सुबह 9 बजे गुरु वंदना से हुआ। पश्चात गुरु पादुका पूजन, सदगुरु देव जी के मंगल मय स्वास्थ्य के लिए हवन पूजन भजन कीर्तन, सत्संग किया गया। बापू के शिष्य अपने सदगुरु का अवतरण दिवस विश्व सेवा सत्संग दिवस के रूप में मनाए। कार्यक्रम में बेलौदी गांव के अलावा और भी जगह के लोग शामिल हुए। आश्रम के बाहर प्रसाद हलवा और शर्बत का वितरण किया गया। समिति द्वारा बताया गया कि देश भर के 450 बापू के आश्रम में कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

### भ्रामक प्रचार, निर्वाचन आयोग से हुई शिकायत



**दुर्ग।** नगर निगम के पूर्व एल्डरमैन भाजपा नेता डॉ प्रतीक उमरे ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज पर महतारी वंदन योजना को लेकर किए जा रहे भ्रामक प्रचार की शिकायत निर्वाचन आयोग से किया है। पूर्व एल्डरमैन डॉ प्रतीक उमरे ने निर्वाचन आयोग को बताया कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा झूठा एवं भ्रामक प्रचार किया जा रहा है कि प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही महतारी वंदन योजना लोकसभा चुनाव के बाद बंद कर दी जाएगी। बिना किसी ठोस तथ्य के झूठा एवं भ्रामक प्रचार-प्रसार करना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन की श्रेणी में आता है। इसलिए प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज पर निर्वाचन आयोग को तत्काल कार्यवाही करना चाहिए क्योंकि ऐसे बिना सबूत झूठे तथ्य फैलाने से मतदान प्रभावित होने की आशंका है। भाजपा नेता डॉ प्रतीक उमरे ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा इस योजना को बंद करने की कोई मानसिकता नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा फैलाई जा रही बातें पूर्ण रूप से निराधार है।

### धर्मेश बने दुर्ग ग्रामीण जियुकां के उपाध्यक्ष



**दुर्ग।** जिला युवा कांग्रेस दुर्ग ग्रामीण के जिला अध्यक्ष जयंत देशमुख ने अपनी टीम का विस्तार किया किया है। उन्होंने धर्मेश देशमुख को जिला युवा कांग्रेस दुर्ग ग्रामीण के जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। इससे पहले धर्मेश देशमुख जिला युवा कांग्रेस दुर्ग ग्रामीण के सचिव पद पर पदस्थ थे। धर्मेश देशमुख के दुर्ग जिला युवक कांग्रेस ग्रामीण के जिला उपाध्यक्ष बनने पर युवाओं में जबरदस्त उत्साह है। धर्मेश सबसे कम उम्र के युवा दावेदार थे। उन्हें युवाओं के साथ-साथ कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दी है। धर्मेश ने जिला अध्यक्ष जयंत देशमुख के साथ-साथ संगठन के समस्त वरिष्ठ पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, युवाओं का आभार व्यक्त किया है।

### सामग्री वितरण हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत दुर्ग जिले में सामग्री वितरण हेतु तीन स्थलों का चिन्हांकन किया गया है। तीन स्थलों शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, मानस भवन एवं शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग, साईंस कॉलेज दुर्ग पर सामग्री वितरण के संपूर्ण प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। विधानसभा क्षेत्र 63. दुर्ग ग्रामीण एवं 67 अहिवारा के लिए नोडल अधिकारी नगर पालिक निगम रिसाली आयुक्त श्रीमती मोनिका वर्मा को नियुक्त किया गया है। विधानसभा क्षेत्र 62 पाटन, 64 दुर्ग शहर, 68 साजा आंशिक, 69 बेमेतरा आंशिक के लिए नगर पालिक निगम दुर्ग आयुक्त लोकेश चंद्राकर, विधानसभा क्षेत्र 65 भिलाई नगर, 66 वैशाली नगर के लिए नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त देवेश व को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# भीषण गर्मी ने किया हलाकान, धूप चढ़ते ही शहर की सड़कें हो रहीं सूनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रदेश में आंधी, बारिश के बीच मंगलवार से तापमान बढ़ गया है। मंगलवार का अधिकतम तापमान 42 तक पहुंच गया। जिसके चलते दोपहर होते ही शहर की सड़के और गलियां सूनी हो गई। लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकले। जबकि, मौसम विज्ञानियों की मानें तो अभी भी कुछ स्थानों पर आधी, बारिश की संभावना बनी हुई है।

दुर्ग जिले में पिछले सप्ताह भर से तापमान 41 डिग्री से भी ऊपर चला जाता है। कभी अचानक बदली छा जाती है। तेज हवा के चलने से तापमान में गिरावट आ जाती है और अधिकतम तापमान 36-37 डिग्री तक चला जाता है। बारिश होने के कारण अप्रैल में अब तक अधिकतम तापमान 41-42 डिग्री के पार नहीं हुआ है।

बादल, बारिश और आंधी के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली है। अप्रैल महीने में अक्सर तेज गर्मी रहती है। कई बार लू जैसे हालात भी बन जाते हैं। लेकिन, इस बार 5-6 दिन के अंतर में मौसम का ट्रेंड बदल रहा है। इस बार अप्रैल कूल है। कभी तेज धूप खिल जाती है, तो तापमान मैं अचानक बढ़ोतरी हो जाती है।

## दोपहर होते ही लोग घरों से निकलने कर रहे परहेज

**खास बातें**

- दुर्ग में पारा पहुंचा 42 डिग्री सेल्सियस
- लोग घरों में ही दुबक रहे, दोपहर में शहर में पसर रहा सन्नाटा
- स्वास्थ्य विभाग ने बचाव के लिए जारी की एडवाइजरी

### अप्रैल में नहीं चली लू

अप्रैल इस साल लगभग पिछले साल की अपेक्षा ठंडा रहा है। बारिश और बादलों की वजह से ज्यादातर दिनों में अधिकतम तापमान सामान्य के आ पास या उससे नीचे रहा। एक-दो बार तापमान 42 से 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा, लेकिन लू चलने की स्थिति नहीं बनी। मौसम विभाग ने पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश समेत अन्य राज्यों में फिर से नए सिस्टम बनने का अनुमान जताया है। इन सिस्टम की वजह से अगले कुछ दिनों तक हल्की बारिश हो सकती।




### तापमान में होगी वृद्धि

मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि, पश्चिमी विक्षोभ 65 डिग्री पूर्व और 18 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक द्रोणिका उत्तर पूर्व झारखंड से दक्षिण छत्तीसगढ़ तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में नमी का आगमन लगातार जारी है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात तथा अंधड़ चलने की भी संभावना है। अधिकतम तापमान में वृद्धि संभावित है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः चरम उत्तर और चरम दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

## मनमानी : मालवाहकों में बेरोकटोक ढोए जा रहे हैं यात्री

# हादसे के बाद भी नहीं लिया सबक लोगों की लापरवाही या मजबूरी





हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

जिले में रविवार की रात हुए हादसे में नौ लोगों की दर्दनाक मौत होने के बाद भी मालवाहक वाहनों में सवारियों को बिठाने का सिलसिला नहीं थमा है। मंगलवार यात्रियों से भरी कई मालवाहक वाहन शहर सहित जिले भर में दौड़ते रही, लेकिन परिवहन और पुलिस विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। बता दें कि बीते रविवार की रात जिले में एक पिकअप वाहन ने खड़ी माजदा ट्रक में टकरा जाने से 9 ग्रामीणों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। ग्रामीण ग्राम पथर्रा से छठी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए हुए थे और वापस लौटते वक्त या हादसा हो गया।

### पुलिस को रहना होगा अलर्ट

छत्तीसगढ़ की परंपरा के अनुसार आगामी 10 मई को अक्षय तृतीया है। अक्षय तृतीया के दिन शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे ज्यादा शादी समारोह आयोजित होते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लोग बारात जाने के लिए गांव से ही संचालित होने वाले छोटे मालवाहक वाहन या ट्रैक्टर ट्राली किराए पर लेकर बरात जाते हैं। ट्रैक्टर तथा मालवाहक वाहन के एक्सीडेंट होने का खतरा ज्यादा रहता है। इस लिहाज से प्रशासनिक अधिकारियों एवं ट्रैफिक पुलिस को अक्षय तृतीया के दिन अलर्ट रहना होगा।

### कार्रवाई के निर्देश

इस घटना के बाद राज्य शासन ने मालवाहक वाहनों में यात्रियों को बिठाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश भी जारी किए हैं, लेकिन जिला मुख्यालय सहित जिले भर में मालवाहक वाहनों में यात्रियों को बिठाने का सिलसिला जारी रहा। इस मामले में ना तो परिवहन विभाग ना यातायात पुलिस ने कोई कार्रवाई करने में दिलचस्प दिखाइ । बाहरहाल मालवाहक वाहनों में ओवरलोड सफर यात्रियों की मजबूरी है या फिर प्रशासन की कमजोरी माना जाए? गौरतलब हो कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए जीप, कार, बस जैसे पारंपरिक साधनों के बजाए छोटे माल वाहक वाहन तथा ट्रैक्टर ट्राली का उपयोग करते हैं। जिसकी वजह से आए दिन गंभीर दुर्घटना होती रहती है। ग्रामीण जान जोखिम में डालकर छोटे मालवाहक वाहन का सहारा लेते हैं, इसके साथ ही उन वाहनों में क्षमता से अधिक लोग सवार होते हैं। जिले में रविवार को जो पिकअप वाहन में लोग सवारी कर रहे थे उसमें 32 लोग सवार थे और देर रात हुए हादसे में तीन छोटे बच्चों सहित 9 लोगों की जान चली गई।

## डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने रायपुर जिले में सुविधा केन्द्र स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में पदस्थापित अधिकारी-कर्मचारी जो रायपुर जिले के मतदाता है तथा जिन्होंने डाक मतपत्र से मतदान हेतु प्रारूप-12 में आवेदन प्रस्तुत किया हो वे रायपुर जिले में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं। रायपुर जिले में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा हेतु सुविधा केन्द्र पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापित किया गया है। मतदान दल कर्मचारी एवं अन्य जिलों से प्राप्त डाक मतपत्र के आवेदकों, अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवा, वाहन चालक एवं अन्य निर्वाचन कर्तव्यों में संलग्न मतदाताओं हेतु रायपुर में मतदाता सुविधा केन्द्र बनाया गया है।

विधानसभा क्षेत्र 47 धरसींवा, 48 रायपुर नगर ग्रामीण, 49 रायपुर नगर पश्चिम, 50 रायपुर नगर उत्तर, 51रायपुर नगर दक्षिण, 52 आरंग, 53 अभनपुर, 45 बलौदाबाजार आंशिक हेतु टाउन हॉल कलेक्ट्रेट परिसर रायपुर को मतदाता सुविधा केन्द्र बनाया गया है। मतदान करने की तिथि 29 अप्रैल से 01 मई तथा 04 से 06 मई को प्रातः 9 से शाम 5 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है।

## प्रिंट मीडिया के राजनीतिक विज्ञापनों का कराना होगा पूर्व प्रमाणीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन.2024 में इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के साथ ही प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन को रोकने के संबंध में व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत मतदान दिवस और उसके एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणीकरण आवश्यक है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी परिपत्र के अनुसार लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान दिवस यानि तृतीय चरण के मतदान के एक दिन पहले एवं मतदान दिवस यानि 6 और 7 मई को प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक पार्टी, अभ्यर्थी एवं अन्य संस्थान के राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व जिला अथवा राज्य स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से विज्ञापनों का अभिप्रमाणन प्री-सर्टिफिकेशन अनिवार्य किया गया है।

# ईव्हीएम कमीशनिंग शुरु प्रेक्षक ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 07 दुर्ग के लिए मतदान के लिए तैयारियां की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में पॉलीटेक्निक कॉलेज दुर्ग में विधानसभा दुर्ग ग्रामीण 63 क्रमांक में ईव्हीएम मशीन का कमीशनिंग कार्य प्रारंभ हुआ। यह कार्य ईसीआईएल इलेक्ट्रॉनिक कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के माध्यम से किया जा रहा है। इस दौरान प्रेक्षक श्रीकेश लथकर द्वारा बीआईटी कॉलेज दुर्ग में चल रहे मतदान दल प्रशिक्षण व डाक मत पत्र के द्वारा मतदान कार्यों का निरीक्षण किया गया। प्रेक्षक श्री लथकर ने निरीक्षण के दौरान मतदान संबंधी आवश्यक जानकारियां दी।

इस दौरान कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, सीईओ जिला पंचायत अश्विनी देवांगन, आयुक्त नगर निगम भिलाई-3 चरोदा दशरथ राजपूत के साथ-साथ अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## महतारी वंदन लाभार्थी का सम्मान



**भिलाई।** महतारी वंदन सम्मान समारोह का पखवाड़ा चल रहा है। जिसमें तहत 10 मंडलो में यह कार्यक्रम चल रहा है। मंगलवार को कैंप मंडल वार्ड क्रमांक -27 में भिलाई भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक जी की अध्यक्षता में और कैंप मंडल अध्यक्ष रश्मि साव के नेतृत्व में महतारी वंदन लाभार्थियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। हजारों की संख्या में लाभार्थी बहने उपस्थित रही। जिसमें बहनों ने बताया कि मोदी की बहुत सारी योजनाओं का उन्होंने लाभ लिया है। उन्होंने मोदी का आभार व्यक्त किया। और ये कहा मोदी ने बहुत से योजनाओं का प्रमुख उनको बनाकर उनको सम्मान दिलाया है। हमें 1000 रुपये महतारी वदंन देकर हमारे आत्मविश्वास को बढ़ाया, महिलाओं ने कहा कि मोदी है तो मुमकिन है, हमें हमारे आदरणीय साम्माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर पूर्ण विश्वास है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, संतोष मौर्या, स्वीटी कौशिक भिलाई भाजपा जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, मिथिला खिचरिया कार्यक्रम प्रभारी, अशोक गुप्ता आदि मौजूद थे।

# विविध प्रतिभाओं का किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शहर में कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका संचालन अदिति बहादुर और जूली सेनगुप्ता ने किया। होटल ग्रैंड ढिल्लन में आयोजित प्रदर्शनी में 30 स्थानीय और क्षेत्रीय कलाकारों की विविध प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया गया। जिसने कलात्मक अभिव्यक्तियों के अपने शिल्पकला की विविधता से उपस्थित जनसमुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया।प्रदर्शनी ने उभरते और कलाकारों के लिए अपनी कृतियों को प्रदर्शित किया। लुभावने परिदृश्यों से लेकर विचारोत्तेजक अमूर्त टुकड़ों, मिट्टी के बर्तनों, मूर्तिकला आदि तक, प्रदर्शनी में प्रस्तुत कलाकृतियाँ भिलाई के कलात्मक समुदाय की जीवंत टेपेस्ट्री( चित्र यवनिका) की झलक पेश करती हैं। जिससे शैलियों और विषयों का एक समायोजन सुनिश्चित हुआ जो दर्शकों को लुभाने में सफल रहा। उनका दृष्टिकोण और समर्पण विविध पृष्ठभूमि के कलाकारों को एकत्रित करने और उन्हें अपनी कहानियों और दृष्टिकोण को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करने में महत्वपूर्ण था। अदिति ने कहा।जूली ने जोड़ते हुए कहा, लक्ष्य एक समावेशी स्थान बनाना था जहां कलाकार अपनी प्रतिभा प्रदर्शित कर सकें और कला प्रेमियों से जुड़ सकें।

- शिल्पकला की विविधता ने लोगों को किया मंत्रमुग्ध

## अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट को सक्रिय करने दी गई जिम्मेदारी

# अग्रवाल समाज ने समाज हित में लिए निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की बैठक नारायणी धाम चांपा में भव्य रूप से संपन्न हुई l नारायणी धाम के ट्रस्टी महेंद्र सवि मित्तल एवं सभी ट्रस्टियों ने अतिथियों का रानी सती दादी की माला एवं चित्र भेंट कर उनका स्वागत किया l कार्यक्रम का संचालन करते हुए चेयरमैन डॉक्टर अशोक अग्रवाल राजेंद्र राजू अग्रवाल एवं प्रदेश महासचिव मनोज अग्रवाल ने संगठन के कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

- नई कार्यकारिणी के गठन पर बनी सहमति

सर्वसम्मति से अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट को पूर्ण रूप से सक्रिय करने हेतु राष्ट्रीय कार्य अध्यक्ष को एवं प्रदेश अध्यक्ष को जवाबदारी दी गई l संगठन के नई कार्यकारिणी गठन करने हेतु महेंद्र सेकसरिया एवं जयदेव सिंघल एवं बाबूलाल अग्रवाल को जिम्मेदारी दी गई यह संगठन की भावनाओं के अनुरूप शीघ्र ही नयी कार्यकारिणी का गठन करेंगे l

बैठक में प्रमुख रूप से विकास सिंघल सुंदर बंसल विष्णु सिंघल, आशीष, प्रदेश युवा अध्यक्ष, महेंद्र अग्रवाल सारंगढ़, रामू अग्रवाल, चंद्रपुर सहित दुर्ग भिलाई बिलासपुर कोरबा रायगढ़ चंपा शक्ति, कोरबा, डूंगरगढ़, राजनांदगांव सहित पूरे प्रदेश से अग्रवाल समाज के सदस्य बैठक में उपस्थित थे। सभी सदस्यों ने नारायणी धाम के अतीत एवं दादी की रसोई की प्रशंसा की।

### शत-प्रतिशत मतदान करने का लिया संकल्प

संगठन के प्रदेश सचिव संजय गर्ग एवं पंकज अग्रवाल ने बताया की बैठक में राष्ट्र हित को सर्वोपरि मानते हुए शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया गया। बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी मैं पारित प्रस्ताव पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई एवं आगामी अग्र अलंकरण समारोह आयोजन करने हेतु,, देश एवं प्रदेश की जन कल्याणकारी योजनाओं को भगवान अग्रसेन जी के नाम पर करने हेतु,, अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से स्वास्थ्य एवं शिक्षा ऋण पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई आगामी कार्यक्रम में समाज के 75 वर्ष के बुजुर्गों का सम्मान करने का भी निर्णय लिया गया ल अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सहयोग से निशुल्क फाइब्रो स्कैन लीवर जांच शिविर सभी जिलों में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही में मैनपाटअंबिकापुर में आगामी मीटिंग सुभाष गोयल जी के सानिध्य में करने का निर्णय लिया गया। समाज के संस्कारों एवं रीति रिवाज पर एक पुस्तिका का प्रकाशन भी किया जाएगा साथ ही समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने हेतु एक कमेटी का गठन किया गया जो इस विषय पर कार्य करेगी। मनोरंजन की दृष्टि से इस बार संगठन द्वारा 70 सदस्य दल दुबई जा रहा है इस प्रकार का टूर संगठन द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।



## कैंपस चयन में फार्मेसी के 10 विद्यार्थियों को मिला रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के फार्मेसी संकाय के अंतर्गत आयोजित ओपन कैंपस इंटरव्यू में संस्था के 10 विधार्थियों का चयन किया गया। छत्तीसगढ़ की औषधि निर्माता कंपनी नाइन एम इंडिया लिमिटेड द्वारा विभिन्न पदों के लिए ओपन कैंपस इंटरव्यू का आयोजन विश्विद्यालय में किया गया था। जिसमे 123 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर के भी विधार्थी शामिल हुए। कंपनी की अधिकारी नैंसी सिंह की टीम ने इंटरव्यू लिया। जिसमें ट्रेनी ऑफिसर प्रोडक्शन, डी फार्मा, माइक्रोबायोलॉजी, केमिस्ट्री के 24 पदों के लिए साक्षात्कार हुआ। कुल 24 चयनित विद्यार्थियों में विश्विद्यालय के एसएससीपीएस के 10 विद्यार्थी चयनित हुए। विश्विद्यालय के कुलपति डॉ ए के झा, डायरेक्टर विकास सुशील चंद्र तिवारी एवं डीन डॉ सोनाली दास पाल ने बधाई दी है।

**खबर संक्षेप**



## सेलूद के मंदिरों से शिवलिंग में तांबे से बने सर्प की चोरी

**सेलूद।** पाटन क्षेत्र में चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि अब घरों, खेतों के बाद ग्राम सेलूद के मंदिरों में धातु से बने भगवान के सर्पों की चोरी करने लगे हैं। बीती रात ग्राम सेलूद के चारबांधा तालाब स्थित भगवान शंकर के मंदिर से बेधड़क तॉबे से बने सर्प की चोरी कर लिये। सोमवार को भगवान शिव का वार माना जाता है उसी सोमवार की रात भगवान शिवलिंग के गले में तॉबा से निर्मित सर्प को चोर चोरी करके ले गये। महिलाओं व पुरुषों में आस्था के केन्द्र बिन्दुओं में इस प्रकार चोरी से भगवान के श्रद्धालुओं में आक्रोश व्याप्त है कि वहीं पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि मंदिर सुरक्षित नहीं है तब आम जन की सुरक्षा का क्या होगा।

### अंचल के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चल रहा जोर शोर से

# नुक्कड़ सभा से भाजपा की लोकसभा चुनाव तैयारी चल रही मिशन मोड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

**सांसद प्रत्याशी विजय को जिताने कर रहे अपील**



फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार के संकल्प के साथ दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत अंजोरा मंडल के विभिन्न ग्राम महमरा, थनौद, रुदा, भोथली, आलबरस, माशाभाट, चिंगरी, भरदा, कोनारी में जनसंपर्क कर भाजपा के प्रत्याशी व सांसद विजय बघेल को भारी बहुमत से विजयी बनाने का आग्रह किया। साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, महामंत्री शिव निषाद, महिला मोर्चा अध्यक्ष यामनी हरमुख, युवा मोर्चा अध्यक्ष लिलेश्वर देशमुख, मीडिया प्रभारी विनोद साहू, कन्या शक्ति जिला संयोजक प्रिया साहू, महामंत्री पुराण देशमुख, सरपंच खेमेश्वरी निषाद, खेमलाल साहू, सिरोतन साहू, कोमल साहू, लक्ष्मी साहू, प्रिया साहू, कुभकरन, राज कुमार निषाद, कुंजलाल, लोकेश, बिसेसर यादव, बुधारे निषाद, डॉ. केएल.दिल्लीवार, विश्राम दिल्लीवार, मालिक राम साहू, मोहन लाल दिल्लीवार, दशरथ निषाद, लक्ष्मीनाथ साहू, हिरदे निषाद, तारक सिन्हा, होल्कर सिन्हा, चंद्रकान्त सिन्हा, नेमी देशमुख, डॉ. राजेश्वर यादव, टेकु सिंह, रघुनाथ देशमुख, संतोष महाजन, यामिनि देशमुख, मंटू देशमुख, नरेन्द्र देशमुख, हेमंत यादव, उत्तम देशमुख, तम्रधावज साहू, पूना राम देशमुख, अमर सिंह देशमुख, नारायण देशमुख, रोहित देशमुख, भुखऊ राम साहू, सरपंच सुरेश साहू, बूथ अध्यक्ष गिरवर साहू, भागवत पटेल, पूनारद साहू, कुलेश्वर साहू, लालचंद्र निर्मलकर, कुशल साहू, लाला राम, मनोज निषाद, रामेश्वर यादव ,शारदा साहू, एवन सेन, युगल किशोर साहू व बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## रजनी का जनसंपर्क अभियान

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में चल रहा है दुर्ग सांसद विजय बघेल की पत्नी रजनी बघेल की जनसंपर्क अभियान। जिसमें दुर्ग ग्रामीण विधान सभा में मोर्चा संभाले हुए हैं। मंगलवार को दुर्ग ग्रामीण के जंजगिरी, रिसामा, विनायकपुर, अछोटी, सभी गांव में धुआंधार दौरा कर अपने पति के लिए वोट मांग रहे हैं साथ में दुर्ग जिला भाजपा किसान मोर्चा महामंत्री अजीत चंद्राकर, महिला मोर्चा अध्यक्ष दिव्या साहू, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष शीतला राजपूत, रेनू देशमुख, योगेंद्र दिल्लीवार, दिनेश देशमुख और बडी संख्या में कार्यकर्ता संपर्क में लगे हुए हैं। रजनी बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कामों को देखते हुए आम जनता से वोट मांग रहे हैं। अजीत ने अपने उद्बोधन में किसानों के बारे में विस्तार से ग्रामीणों को समझा रहे हैं, चाहे वह 2 साल का बोनस हो, 21 क्विंटल की धान की खरीदी मूल्य 3100 रुपए हो। दिव्या साहू ने कहा कि महतारी वंदन योजना महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है जिससे सभी तबको को फायदा पहुंचा रहे हैं। ग्रामीणों में भारी उत्साह है रजनी बघेल ने सभी से निवेदन किया कि 7 अप्रैल को पहले मतदान फिर जलपान के आग्रह कर सांसद विजय बघेल के पक्ष में मतदान के लिए वोट मांगा।



# डुंडेरा में बिजली की आंख मिचौली से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उतई



■ पूर्व एल्डरमेन तरुण ने की कार्यपालन अभियंता से शिकायत

विद्युत वितरण कंपनी रुआबांधा (रिसाली) के अंतर्गत आने वाले ग्राम डुंडेरा व जोरातराई के नागरिक बार-बार बिजली बंद हो जाने की समस्या से जूझ रहे हैं, उक्त मामले को लेकर नगर निगम रिसाली के पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने कार्यपालन अभियंता आरके चंद्राकर को ज्ञापन सौप कर बिजली बंद की समस्या का निदान करने कहा है। पूर्व एल्डरमेन ने बताया कि डुंडेरा, जोरातराई में इस भीषण गर्मी व शादी विवाह के सीजन में आये दिन बिजली बंद हो जा रही है। विभाग द्वारा कभी मेंटेनेंस तो कभी लोड शैडिंग के नाम पर बिजली बंद कर दी जाती है। कभी-कभी छोटी-मोटी फाल्ट के चलते यहां लोगों को पूरी रात परेशान होना पड़ता है। बिजली बंद होने पर ग्रामीणों द्वारा रिसाली बिजली कार्यालय में फ़ोन लगाया जाता है लेकिन फ़ोन नही उठाया जाता। साथ ही कई घंटों तक बिजली बंद होने पर सुधार कार्य नही हो पाता है जिसके चलते दोनों गांवों के जनता परेशान है। इस दौरान पूर्व विधायक प्रतिनिधि लोमन सोनी, ईश्वर साहू, मोनू तिवारी उपस्थित थे।

## मतदाता जागरुकता अभियान में दिलाई शपथ



**उतई।** महिमा हॉस्पिटल उतई के दंत चिकित्सक डॉ कामता साहू एवं देश दीपक सिंह द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हॉस्पिटल में कार्यरत सभी कर्मचारियों को मतदान करने हेतु अपील किया तथा सभी को अपने मत का ताकत एवं अधिकार के संबंध में जागरूक करते हुए पूर्ण रूप से मतदान करने का लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में डा.गंगा प्रसाद साहू,छम्मन लाल निर्मलकर,ललित कुमार साहू, चेतना साहू,करुणा,माही साहू, पल्लवी साहू, राजेश्वरी, शिवानी मंडल , चंचल साहू, रूपेश कुमार ,मानसिंग साहू, वर्षा वर्मा, रमा वर्मा, अनीता साहू, मुख्य रूप से उपस्थित थे तथा कार्यक्रम के अंत में मतदान हेतु सभी उपस्थित जनों को शपथ दिलाई गई।

**बिजनेस साइट**

# हार्वेस्टिंग मशीन केएस 9300 की डिलीवरी




**भिलाई।** हिन्दू बाहुलीय राष्ट्र में हिंदुत्व के अस्तित्व को कायम रखने के लिए कृतसंकल्पित संस्था जो की वर्ष 2011 से कायम है के द्वारा 29 अप्रैल जो कि जगतपालक भगवान सोमदेव के नाम पर सोमवार कहलाया। ऐसे जगत पालन देवता भगवान सोमदेव की पूजा आराधना कर भंसुली पाटन के कृषक नरहर साहू ने अपने पुत्र कमल नारायण साहू को जीवकोपार्जन के लिए कृषि कार्य में उत्कृष्ट बहुफसलीय सेल्फ प्रपोल्ड कंबाइन फोरव्हील ड्राइव हार्वेस्टिंग मशीन केएस 9300 दिलवाने का निर्णय लेकर अपने पूरे परिवार एवं इष्ट मित्रो के साथ कमला मोटर्स दुर्ग पहुंचे। ज्ञात हो कि मलेरकोटला पंजाब स्थित केएस ग्रुप ऑफ़ कंपनीज कृषि यंत्रों एवं उपयंत्रों का निर्माण करने वाली देश की विश्वसनीय उद्यमियों में से है जिसने भारत के कृषकों के दिलों दिमाग पर अपना अटूट विश्वास कायम रखा है जो कि "बिक्री से ज्यादा बिक्री पश्चात सेवा" के तर्ज पर कार्य करती हुई ऊर्ध्वगमन करती हुई कृषि जगत में नीत नई ऊर्जा का संचार करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। मशीन की चाबी प्रदान करते हुए प्रदेश के सबसे बड़े संगठन जो कि सनातनियों की रक्षा एवं संस्कृति को कायम रखने का लक्ष्य लेकर चलने वाली संस्था हिन्दू युवा मंच एवं मंच द्वारा गठित गणित इकाई आदि शक्ति महिला संगठन जो कि महिलाओं में मानसिक समृद्धि एवं स्वाभिमान के साथ जीने के लिए लगातार ऊर्जा प्रदान करती हुई बालिकाओं एवं महिलाओं में अपनी सांस्कृतिक धरोहर के प्रति रुझान पैदा करते हुए महिलाओं के हक में लड़ने के लिए हमेशा नतमस्तक रही है, ऐसे संगठन के जाबाज सेनानी राज गुप्ता, विरेन्द्र सिंग, जय देवांगन, श्रुष्टि देवकर, भाविका देवांगन, सीता साहू एवं कमला मोटर्स के संचालक कैलाश बरमेचा सेल्स प्रमोटर सत्य श्री लक्ष्मी नारायण चंद्राकर, सेल्स मेन अजय चौधरी, मैकेनिक किशोर निषाद, पुजारी खेमचंद इत्यादि। वहीं यंत्र ग्रहण करते हुये भंसुली के कृषकगण नरहर साहू, कमल नारायण साहू, जगदीश साहू, सुशील साहू, गैंद साहू, ओमकार साहू, रुपेश साहू, प्रीतम साहू, नागेश साहू आदि साथीगण।

# मोदी सरकार ने दो करोड़ लोगों को रोजगार देने की बात कही थी, लेकिन रोजगार नहीं मिलाः ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा



■ लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए जनसंपर्क में पहुंचे पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज

दुर्ग ग्रामीण ब्लाक के विभिन्न ग्रामों में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए जनसंपर्क कार्यक्रम में पहुंचें। उन्होने ग्राम धनोरा, हनोदा, खम्हरिया, कोकड़ी, कोडिया, उमरपोटी, रिसामा, मतवारी, चिरपोटी, खोपली, कातरो, मातरो, घुघसीडीह, अण्डा, विनायकपुर, चिंगरी, अछोटी, कुथरेल, भानपुरी, विनायकपुर में पहुंचें। दुर्ग लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू विशेष रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर दुर्ग जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, दुर्ग जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़, जिला पंचायत सदस्य योगिता चन्द्राकर, लक्ष्मी साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, केशव बंटी हरमुख, नंद कुमार सेन, टिकेश्वरी लाल देशमुख, तारकेश्वर चन्द्राकर, चुम्मन देशमुख, नंद कुमार साहू, दिवाकर गायकवाड़, डॉ. पिलेश्वर साहू, अध्यक्ष जिला किसान नेता पुकेश चंद्राकर, केके चंद्राकर, रिवेन्द्र यादव, शिवनारायण दिल्लीवार, परमेश्वर साहू, अरुण वर्मा, अजय चतुर्वेदी सहित अन्य कॉंग्रेस नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व गृह मंत्री साहू ने कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री आवास का लाभ नही दे रही है। हम लोगो को कमर कस के दुर्ग लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू को प्रचंड मतों से विजयी बनाना है। उन्होने आगे कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने दो करोड़ लोगो को रोजगार देने की बात कही थी, लेकिन रोजगार नही मिला। बेरोजगारी भत्ता नही मिला है। अब राशन कार्ड मे छटनी हो रहा है। वर्तमान सांसद बीएसपी ठेका मजदूर से लेकर रेल का मुद्दा कभी भी लोकसभा में नही उठाए। हम लोगो को पूरी मजबूती के साथ कार्य करना है। हर गांव मे कांग्रेस कार्यकर्ता है। भाजपा मुद्दे से भटकाकर जाति व धर्म के नाम पर वोट मांगती है। हम लोग देश के विकास की बात करते है। इस अवसर पर कांग्रेस के अधिकारी सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस,जोन, सेक्टर, बूथ प्रभारी, सभी प्रकोष्ठ के सदस्य गण, सहित वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता गण एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में मौजूद थे। इसी तरह आज 1 मई को नगपुरा सुबह 10:30 बजे,मोहलाई ,कोटनी, खुरसुल , खुरशीडीह, दमोदा, बोरई,मालूद, बेलौदी, गनियारी अंजोरा रसमडा , पिपरछेड़ी , सिलोदा, खपरी, महमरा, थनौद, बिरेझर, चंगोरी चंदखुरी, कोलिहापुरी, पिसेगाँव,भरदा , कोनरी निकुम , खांडा, रूदा, झोला, तिरगा, आलबरस, मासाभाट , भोथली, आमटी पहुंचेंगे।

## सुदामा चरित्र का वर्णन सुनकर भाव विभोर हुए श्रोता



**सेलूद।** बजरंग चौक सेलूद में महिला समिति द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के आठवें दिन कथा वाचक हरिशंकर वैष्णव ने सुदामा चरित्र का वर्णन कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कथावाचक ने संदीपनी आश्रम में एक गुरु के शिष्य रहे भगवान कृष्ण और सुदामा की मित्रता का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान की कृपा हर भक्त को समान रूप से मिलती है। भगवान राजा और रंक में कोई भेद नहीं करते हैं। भगवान के बाल सखा सुदामा गरीब थे, लेकिन उनका एक-दूसरे के प्रति गहरा प्रेम और समर्पण था। कथावाचक ने भगवान के प्रति भक्ति में ऐसा ही समर्पण लाने की बात कही। उन्होंने गृहस्थ धर्म का पालन करने की सीख देते हुए कहा कि गृहस्थ में रह कर अपने कर्तव्यों की पालन करने के साथ ही भगवत भक्ति करनी चाहिए। कहा कि जब भी भक्त पर किसी प्रकार का संकट आता है और भक्त निश्छल भाव से भगवान को पुकारता है, भगवान भक्त के सभी दुख को दूर कर देते हैं। भगवान भाव के भूखे होते हैं। सुदामा के संकट को भी भगवान कृष्ण ने दूर किया था। मौके पर सरपंच खेमिन साहू,उषा देवांगन, शीलू साहू, पूर्णिमा देवांगन, पिंकी साहू, भारती यादव, भगवती साहू, गीता वर्मा, झमिला साहू, लक्ष्मी द्विवेदी, फूलकुमारी साहू, ममता यादव आदि उपस्थित थे।

# भारती विवि दुर्ग में सेमेस्टर व वार्षिक परीक्षाएं आज से शुरू



**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में वर्ष 2023-24 की सेमेस्टर एवं वार्षिक परीक्षाएं 1 मई 2024 से प्रारंभ होंगी। साथ ही पूरक परीक्षाएं (एटीकेटी) का भी आयोजन किया जाएगा। परीक्षाएं दो पालियों में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दोपहर 1.30 बजे से 4.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षाएं 1 मई से 31 मई तक आयोजित होंगी। परीक्षा परिणाम जून माह में घोषित किए जाएंगे। भारती विश्वविद्यालय में परीक्षाओं के समुचित संचालन के लिए फ्लाइंग स्कॉट पैनल का भी गठन किया गया है। भारती विश्वविद्यालय में निर्धारित एकेडमिक कैलेंडर के अनुरूप ही समय पर पाठ्यक्रम पूरा करके समय से परीक्षाएं शुरू हो रही हैं।

## किसानों को जल्द राहत राशि प्रदान करें: टेक सिंह

**धमधा।** पिछले माह वर्षा और ओलावृष्टि से धमधा ब्लाक के एक सैकडो से अधिक गांवों में चना गेहूं आदि फसलों को व्यापक क्षति हुई थी। आरबीसी 6-4 में इसके लिए राहत राशि देने का प्रावधान है किंतु अभी तक फसल को हुई क्षति का सर्वे अधूरा है सर्वे सूची पंचायत में चस्पा किया जाना है लेकिन अनेक गांव में सूची चस्पा नहीं किया गया है जिससे किसान दावा आपत्ति नहीं कर पा रहे हैं,। किसान नेता टेकसिंह चंदेल ने शासन प्रशासन से मांग किया है कि सर्वे की प्रक्रिया जल्द पूरी करके प्रभावित किसानों को राहत राशि प्रदान किया जाये किसानों के सब्र की परीक्षा न लें। वहीं छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को चाहिए कि नुकसान हुए फसल की राशि बीमा कंपनी तुरन्त भुगतान करें अन्यथा अभी किसान एस डी एम कार्यालय और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांग रखकर लगातार तहसील का चक्कर लगा रहे हैं।

**न्यायालय नायब तहसीलदार अहिवारा, तहसील अहिवारा, जिला दुर्ग**

**: : उद्घोषणा : :**

रा.प्र.क्र. /202404104300002/अ-6अ/ वर्ष 2023 - 2024

एनद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री पवनकुमार पिता श्री भैयाराम निवासी- नंदौरी द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम चेटुवा प.ह.नं. 16 तहसील अहिवारा, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में स्थित भूमि का खसरा नंबर 769/4 रकबा 0.600 हे. के राजस्व अभिलेख में पवनकुमार पिता भैयाराम के स्थान पर पवनकुमार पति भैयाराम ऑनलाईन में दर्ज हो गया है। जिसे सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, ऋण-पुस्तिका, बी-1 पी-2 खसरा की नकल की छायाप्रति अनुविभागी अधिकारी (रा.) भिलाई -03 को प्रस्तुत किया गया है जो कि नियमानुसार जांच कार्यवाही हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 15.05.2024 तक पेश कर सकते है नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.04.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया

जारी दिनांक 25.04.2024
पेशी दिनांक 15.05.2024

नायब तहसीलदार अहिवारा जिला-दुर्ग (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रिफत फातमा अंसारी पति परवेज आलम निवासी मकान नं.-135, कृष्णा नगर, वार्ड क्र. 04, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम रिफत फातमा पति परवेज आलम रख ली हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्ध-शासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम रिफत फातमा पति परवेज आलम से ही जाना पहचाना जावे।

रिफत फातमा
मकान नं.-135, कृष्णा नगर, वार्ड क्र. 04, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क. / 86/अ-20(3)/वर्ष 2023-24

आवेदक सतीश जैन आ. स्व. पुखराज जैन निवासी चंडी मंदिर रोड, ब्राम्हण पारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्र. 28 डी प्लाट नं. 235/2 रकबा 76 वर्गमीटर भूमि धारक पुखराज आ. नेमीचंद जैन निवासी ब्राम्हण पारा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक पुखराज जैन की मृत्यु दिनांक 13.02.2008 को एवं उनकी पत्नि श्रीमती शकुन बेद की मृत्यु दिनांक 11.04.2013 को हो चुकी है। मृतक धारक के वारिसान उनके पुत्र-पुत्री सुरेश, नरेश, गौतम, सतीश, मंजू है। इसके अतिरिक्त अन्य वारिसान नहीं है। मृतक धारक द्वारा अपने जीवनकाल में उक्त मकान/भूखण्ड का अपंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 10.12.2007 को अपने पुत्र आवेदक सतीश जैन के पक्ष में निष्पादित किया है। आवेदक द्वारा उक्त प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक धारक का नाम विलोपित कर वसीयतनामा के आधार पर स्वयं के पक्ष में नामान्तरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.05.2024 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.04.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर) नजूल जांच अधिकारी दुर्ग

# छात्रों के विकास के लिए केडी पब्लिक स्कूल में प्रवेश प्रारंभ



**भिलाई।** केडी पब्लिक स्कूल छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र विकास प्रदान करने के लिए सदा से ही समर्पित रहा है। विद्यालय में आधुनिक पद्धति और नई तकनीको द्वारा शिक्षा प्रदान किया जाता है। केडी पब्लिक स्कूल मीनाक्षी नगर बोरसी दुर्ग में स्थित है यहां छात्रों को अपनी सीख को अपने तरीके से प्रस्तुत करने के अधिक अवसर प्रदान किए जाते हैं। विद्यालय में छात्रों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं नैतिक गुणों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। स्कूल की बड़ी इमारत, विशाल खेल का मैदान, कंप्यूटर और विज्ञान लैब से सुसज्जित और स्कूल बस जैसी सुविधाओं से युक्त है। जहां प्ले ग्रुप से कक्षा बारहवीं तक की कक्षाएं लगती है। बच्चों के उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में स्मार्ट इंटरएक्टिव क्लासरूम है, यहां विद्यार्थियों को सुयोग्य एवं अनुभवी अध्यापकों द्वारा शिक्षण प्रदान किया जाता है और क्रियात्मक गतिविधियों के द्वारा कक्षाएं लगाई जाती है। विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और स्पोकन इंग्लिश एवं जीडी की कक्षाएं भी लगाई जाती हैं। विद्यालय में पुस्तकालय, रोबोटिक लैब तथा विज्ञान संकाय से संबंधित सभी लैब उपलब्ध है। विद्यालय में खेल का मैदान है जहां इंडोर व आउटडोर गेम का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए नियमित योग की कक्षाएं लगाई जाती है, साथ ही साथ कला शिल्प गायन एवं नृत्य की नियमित कक्षाएं भी लगाई जाती है एवं आधुनिक वाद्य यंत्रों का प्रशिक्षण भी दिया जाता है समय-समय पर विद्यार्थियों की काउंसलिंग की जाती है जिससे उनका व्यक्तित्व विकास से हो सके एवं विद्यार्थियों का मेडिकल चेकअप भी कराया जाता है। विद्यालय में समय - समय पर पालक शिक्षक मीटिंग का आयोजन भी किया जाता है,विद्यालय परिसर पूर्णतः सीसी टीवी से कैमरे से युक्त है। केडी पब्लिक विद्यालय शिक्षा के लिए एक स्वर्णिम अवसर का प्रतीक है और छात्रों को सफलता की ओर सदा प्रेरित करता है।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### ब्रमाहृषि भूमिहार ब्राह्मण समाज के प्रवीण अध्यक्ष व कृष्णानंद कोषाध्यक्ष बने

**भिलाई।** ब्रमाहृषि भूमिहार ब्राह्मण समाज कि आमसभा परशुराम भवन सेक्टर 2 में संपन्न हुई। अध्यक्ष के संबोधन समाज के विकास पर वरिष्ठ सदस्यों अखिलेश नारायण सिंह ,चंद्रमा राय, सत्य प्रकाश राय ,रामजी राय शर्मा ने सुझाव दिए। कोषाध्यक्ष कृष्णानंद राय द्वारा प्रस्तुत आय व्यय विवरण को सर्वसम्मति से पारित किया गया। वर्ष 2024 /27 के कार्यकाल के लिए चुनाव अधिकारी अशोक नारायण सिंह ने नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया पूरी करवाई। समाज के संरक्षक एवं आजीवन सदस्यों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर प्रवीण प्रकाश सिंह ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश राय, महासचिव मधुसूदन शर्मा एवं कोषाध्यक्ष कृष्णानंद राय नामित किए गए। इस अवसर पर राम प्रवेश राय ,नवीन राय ,अजय राय ,अरविंद सिंह, बलराम सिंह, अनिल सिंह,ई एन सिंह, संजीव सिंह ,सतीश पांडे, मार्कंडेय राय, एलएन सिंह ,एसके सिंह, मुक्तिनाथ राय आदि सदस्य उपस्थित थे।

### ढाबा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर ग्रामीण लाभान्वित



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन ग्राम ढाबा में किया गया। शिविर में 20 लोग लाभान्वित हुए जिनमें महिला, पुरुष एवं बच्चे सम्मिलित थे। सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। शिविर में चिकित्सक डां. सरस्वती, फार्मासिस्ट सूसन राय, शुगर एवम बीपी परीक्षण के लिए फिरोजा जोसेफ व पंजीयनकर्ता शम्भू दयाल तथा सीता सिन्हा उपस्थित थीं।

### फैक्ट्री से 45 हजार रुपए का तांबा तार पार

**भिलाई।** फैक्ट्री का ताला तोड़कर तांबा चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने ज्ञात के खिलाप धारा 380,457 के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि नेहरुनगर निवासी संदीप अग्रवाल की लाइट इंडस्ट्रियल एरिया में अश्मिनि कंट्रोल्स के नाम से फैक्ट्री है। 27 अप्रैल की शाम 6 बजे काम बंद होने के बाद फैक्ट्री को बंद कर सभी अपने घर निकल गए थे। 29 अप्रैल की सुबह 7 बजे पड़ोस के गार्ड ने फोनकर जानकारी दी कि कंपनी के शटर का ताला टूटा है। कंपनी पहुचने पर देखा तांबे का तार करीब 4-5 बंडल वजन 250-300 कि.ग्रा का गायब मिला। जिसकी कीमत 45 हजार रुपए आंकी गई है।

### बालक घर से लापता

**भिलाई।** घर में बिना बताए 16 वर्षीय किशोर लापता हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 363 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सड़क 23 सेक्टर-6 निवासी बलराम साहू ने शिकायत किया है कि उनका 16 वर्ष बेटा 29 अप्रैल की रात 8.30 बजे से गायब है। घर से बिना बताए लापता हो गया है। परिजनों को संदेह है कि अज्ञात ने बालक का अपहरण कर अपने साथ बहला फुसलाकर लेकर गया होगा।

# पावर हाउस स्टेशन रोड पर तना आटो स्टैंड, यात्री हो रहे परेशान

## कांग्रेसजनों व क्षेत्रवासियों ने रोड खाली करवाने डीआरएम से की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पावरहाउस रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म जाने वाले मार्ग को बाधित किए जाने से यात्रियों को जाने आने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मेन सड़क पर आटो स्टैंड तान दिए जाने से भीषण गर्मी में मुसाफिरों को घूमकर जाना पड़ रहा है। सायकल ठेकेदार की इस मनमानी पर स्टेशन और भिलाई नगर निगम के अधिकारी उदासीन हैं। उल्लेखनीय है कि देश के 174 रेलवे स्टेशन के विस्तारीकरण की योजना के तहत पावरहाउस स्टेशन का भी सौदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। इस दौरान सायकल स्टैंड ठेकेदार द्वारा रोड के बीच में दोपहिया वाहन खड़े किए जाने से लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही थी। इसकी शिकायत महीनेभर पूर्व कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राजेंद्र ताम्रकार व अमीरचंद अरोरा सहित क्षेत्रवासियों ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर की थी। इसके बाद इस सड़क से दोपहिया आदि हटवा दिये गए थे। लेकिन कुछ दिनों बाद से अंडरब्रिज के किनारे से स्टेशन जाने वाले निर्माणाधीन मेन सड़क पर सायकल स्टैंड ठेकेदार द्वारा आटो स्टैंड तान दिया गया है। इसकी भी शिकायत डीआरएम से की गई है। शिकायत में बताया कि नगर निगम की मेन सड़क पर आटो स्टैंड बनाने के साथ आगे मलबा डालकर सड़क ब्लाक कर दिया गया है। सड़क किनारे की नाली भी बजबजा रही है। स्टेशन प्रबंधक और शिवाजीनगर जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा को समस्या से अवगत कराने के बाद भी चुप्पी साधे हुए हैं। इससे भीषण गर्मी में मुसाफिरों को स्टेशन जाने आने मे परेशानी हो रही है। डीआरएम और निगम आयुक्त से जल्द नगर निगम की सड़क खाली करवाकर लोगों को राहत दिलाने ने मांग की गई है।





### पावरहाउस चौक बना डेंजर प्वाइंट

नगर निगम की अकर्मण्यता से दो साल से पावरहाउस चौक भी डेंजर प्वाइंट बना हुआ है। आंबेडकर चौक से अंडरब्रिज रोड क्षेत्र का पूरा स्पेस ऊबड़-खाबड़ होने से ट्रैफिक दुर्घटनाजन्य बना हुआ है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि दो साल पूर्व यहां स्थित फुडओवरब्रिज के अनुपयोगी होने पर जिला प्रशासन द्वारा जनहित में तोड़वा दिया गया था। लेकिन इसके बाद जगह को पीबडब्ल्यूडी द्वारा अच्छी तरह समतलीकरण नहीं कराया गया। इसके ऊबड़खाबड़ होने से रेलवे अंडरब्रिज से और भिलाई व रायपुर की ओर से आने जाने वाले वाहन चालकों के साथ पैदल चलने वालों को भी भारी परेशानी हो रही है। छिटपुट दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। साथ ही ट्रैफिक जवान भी परेशान होते रहते हैं। चौक के समतलीकरण की मांग की गई है।

## अपने विधानसभा क्षेत्रों से सिपहसालारों के साथ लौटे भूपेश और ताम्रध्वज

# अब दुर्ग फतह करने होगा घमासान, जुटेंगे कांग्रेस भाजपा के बड़े नेता और कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग लोकसभा सीट पर चुनाव के लिए अब चुनावी घमासान तेज होने जा रहा है। अन्य संसदीय क्षेत्रों के चुनावों में व्यस्त कांग्रेस के बड़े नेताओं के लौटने और भाजपा के स्टार प्रचारकों के आने से दोनों के बीच दिलचस्प मुकाबले के आसार हैं। भाजपा से सिटिंग सांसद विजय बघेल और कांग्रेस के प्रत्याशी राजेंद्र साहू चुनाव मैदान में हैं। तीसरे फेस के तहत दुर्ग लोकसभा के चुनाव के लिए अब उलटी गिनती शुरु हो गई है। सात मई को होने वाले मतदान के लिए भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दल अब अपने पूरे लावलश्कर के साथ चुनावी समर तेज करेंगे। इसकी वजह दुर्ग जिला के अन्य सीटों पर चुनाव प्रचार के लिए गए कांग्रेस कार्यकर्ता अब वापस दुर्ग लौटेंगे वहीं भाजपा के अन्य स्टार प्रचारकों की भी सभा की तैयारी चल रही है। जिले के तीन बड़े कांग्रेस नेता अन्य सीटों से बतौर प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री व पाटन के विधायक भूपेश बघेल राजनांदगांव, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू महासमुंद और भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव बिलासपुर से चुनाव लड़ रहे हैं। इन सभी नेताओं के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता भी उनके चुनाव क्षेत्रों में पखवाड़ेभर से चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। इतनी बड़ी तादाद में दुर्ग संसदीय सीट के कार्यकर्ताओं की बाहर चुनावी व्यस्तता के चलते कांग्रेस प्रत्याशी के चुनाव प्रचार को अपेक्षित गति नहीं मिल पा रही थी। लेकिन अब सभी आला नेताओं के साथ उनके सैकड़ों कार्यकर्ताओं के दुर्ग लौटने की तैयारी चल रही है। इससे यहां कांग्रेस के चुनाव प्रचार को रफ्तार मिलेगी। वहीं भाजपा के भी बाहर के कार्यकर्ताओं के जल्द लौटने और स्टार प्रचारकों के आने से चुनाव प्रचार जोर पकड़ने के आसार हैं। भाजपा से भी दुर्ग की निर्वतमान राज्यसभा सदस्य सरोज पांडेय कोरबा से चुनाव लड़ रही हैं और उनके भी सैकड़ों कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी समाप्त होने पर दुर्ग लौटगें, लिहाजा पार्टी के प्रचार में तेजी आएगी। यानी आगत पांच दिनों में कांग्रेस व भाजपा के बीच तूफानी जंग तेज होने के आसार हैं।

### मतदान के लिए बाकी है सिर्फ एक सप्ताह



### दिलचस्प मुकाबला के आसार

दुर्ग की चुनावी बिसात में इस बार कांग्रेस जहां अपनी खोई हुई सीट वापसी की जोरआजमाईश कर रही है वहीं भाजपा की कोशिश अपनी प्रतिष्ठा को बरकरार रखने की होगी। लोगसभा चुनाव में कांग्रेस ने दुर्ग नगर निगम के महापौर चुनाव में बतौर कांग्रेस प्रत्याशी भाजपा उम्मीदवार को कड़ी टक्कर देने वाले प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजेंद्र यादव को चुनाव मैदान में उतारा है वहीं भाजपा से सिटिंग सांसद विजय बघेल प्रत्याशी हैं। बघेल पिछला चुनाव चार लाख रिकार्ड मतों से जीते हैं। चुनाव में दोनों ही अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। लेकिन वोटर अब तक खामोश हैं।

### स्टार वार से जंगी होगा मुकाबला

चुनाव के लिए अब जबकि महज हफ्ताभर बाकी है, ऐसे में दोनों ही दल जीत के लिए अपनी पूरी ताकत झोंकने की तैयारी में हैं। भाजपा का सिटिंग सांसद होने और डबल इंजिन की सरकार होने से पार्टी जीत के साथ प्रचार में आगे होने का दावा कर रही है। अब तक भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में स्टार प्रचारकों के रुप में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की भव्य सभा दुर्ग और गृह मंत्री अमित शाह की सभा भी हो चुकी है। जल्द कुछ और स्टार प्रचारकों की सभा कराने की तैयारी चल रही है। दूसरी ओर कांग्रेस के बड़े नेताओं की सभा अब तक नहीं हुई है सो जल्दी ही पार्टी के भी स्टार प्रचारकों की सभा कराने की तैयारी चल रही है। इससे स्टार वार तेज होने से मुकाबला दिलचस्प हो जाएगा।

# बीएसपी का निजीकरण होने नहीं दूंगा: राजेन्द्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भिलाई इस्पात संयंत्र अपना अस्तित्व एवं वजूद खोने के कगार पर है उसके निजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है अगर निजीकरण को रोकना है तो दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी राजेंद्र साहू को जीताना होगा और केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनानी पड़ेगी। आज भिलाई इस्पात संयंत्र में 32 हजार ठेका श्रमिक है जिनकी हालत दयनीय है उनकी पीड़ा को भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार एवं मौजूदा सांसद विजय बघेल ने कभी नहीं सुना उनकी पीड़ा और दर्द को सुनने के लिए कांग्रेस पार्टी के लोकप्रिय प्रत्याशी राजेन्द्र साहू उनके बीच नगर निगम रिसाली के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 37 जोरातराई पंहुचे इस दौरान लगभग तीन सौ से ज्यादा ठेका श्रमिक उपस्थित थे उनके अंदर भिलाई इस्पात संयंत्र के निजीकरण को लेकर भारी आक्रोश है ठेका श्रमिकों ने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र के निजीकरण को रोकना है तो राजेन्द्र साहू को जिताना पड़ेगा क्योंकि मौजूदा सांसद विजय बघेल उनकी पीड़ा को सुनने से इंकार कर दिया है उन्होंने ठेका श्रमिको के हितों को कभी संसद में नहीं उठाया है। ठेका श्रमिकों ने अपनी मांगों और पीड़ा को राजेन्द्र साहू के समक्ष रखा उन्होंने मांग रखते हुए कहा कि हमे प्रति माह छब्बीस हजार रुपये वेतन सहित आवास चिकित्सा नाइट भत्ता एवं आने जाने के लिए गाड़ी मिलना चाहिए। यह हमारा हक है जिसको भारतीय जनता पार्टी हमेशा दरकिनार करने का काम किया है भिलाई इस्पात संयंत्र पर उद्योपति अडानी की नजर है अगर हमको निजीकरण से बचाना है तो इसके लिए हम सभी लोगों को दो नम्बर पर लोकतंत्र के महापर्व सात मई को पंजा चाप पर बटन दबाकर राजेन्द्र साहू को जिताना है क्योंकि वे ही हमारे हक की लड़ाई लड़ने का माद्दा रखते हैं। राजेन्द्र साहू ने उनकी मांगो को गम्भीरता से सुना और कहा कि अगर आप लोगो ने मुझे चुनकर संसद में पहुँचाया तो मैं भिलाई इस्पात संयंत्र का निजीकरण होने नही दूंगा चाहे इसके लिए जान भी देना पड़े तो दे दूंगा आपकी सभी मांगो को हरहाल में पूरा किया जाएगा। इस दौरान मनोज बंजारे पूर्व पार्षद ममता बाघ सहदेव बांधे दिलीप मिर्जा लोचन वर्मा ललित कोसरे ढेलु साहू दीपक साहू सुरेश डाहरे सेनन सोनवानी प्रहलाद साहू पार्षद रोहित धनकर सहित आदि उपस्थित थे।

- बीएसपी के ठेका मजदूरों का हो रहा है शोषण

## सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी भावभीनी विदाई



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से अप्रैल माह में सेवानिवृत्त हो रहे गैर-कार्यपालकों को सिविक सेंटर स्थित महात्मा गांधी कलामंदिर में आयोजित समारोह में विदायी दी गई। मुख्य अतिथि संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार थे। सीजीएम संदीप माथुर और महाप्रबंधक एसके सोनी भी उपस्थित थे। पवन कुमार ने सेवानिवृत्त होने वाले इस्पात बिरादरी के सदस्यों को सेवानिवृत्ति आदेष प्रदान करते हुए उनके स्वस्थ जीवन की कामना की।

इसके अतिरिक्त सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों को भी इस्पात भवन के निदेशक प्रभारी सभागार में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी गई।

संयंत्र से अप्रैल में कुल 126 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिसमें 4 कार्यपालक, 117 गैर-कार्यपालक शामिल है। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में खदान बिरादरी के 5 सदस्य भी शामिल हैं। संयंत्र के विभिन्न विभागों और खनिज नगरों में पदस्थ कुल 117 कर्मचारी अपनी लम्बी सेवा के बाद 30 अप्रैल 2024 को सेवानिवृत्त हुए।

- चार कार्यपालकों सहित 126 कर्मचारी रिटायर

## भिलाई-चरोदा क्षेत्र में पहुंचेगा मतदान रथ

**भिलाई।** वरिष्ट और दिव्यांक मतदाताओं के लिए भिलाई-चरोदा निगम द्वारा वाहन व्यवस्था किया गया है। 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान के लिए घर से मतदान केन्द्र और मतदान केन्द्र से घर तक निशुल्क परिवहन सुविधा प्रदान करने तैयारी निगम द्वारा की जा रही है। नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा कार्यालय सभागार में लोकसभा निर्वाचन 2024 के बारे में बैठक आयोजित की गई थी। बैठक को निगम के कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, स्वास्थ्य अधिकारी अश्विनी चन्द्राकर भी मौजूद थे। जिला निर्वाचन विभाग द्वारा दिये गये दिशा निर्देश पर प्रत्येक 80 वर्ष से अधिक और दिव्यांक मतदाताओं को चुनाव के लिए घर से मतदान केंद्र तक वाहन की व्यवस्था की गई है। इस कार्य में निगम क्षेत्र के स्व सहायता समूह में कार्यरत 58 महिलाओं को 40 वार्ड में जिम्मेदारी मिली है। स्व सहायता समूह की महिलाएं मतदान रथ के माध्यम से वरिष्ठ दिव्यांक मतदाताओं का सहयोग करेंगी। बैठक में एनयूएलएम मैनेजर आदित्य भटनागर, सामुदायिक सगठक कुंती वर्मा, सुषमा पांडेय, अमित वर्मा ने स्व सहायता समूह की महिलाओं को जानकारी से अवगत कराया।




## राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड ने किया लीडरशिप डेवलपमेंट पर कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड के क्षेत्रीय निदेशक पीएन शाह द्वारा स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक के कार्यालय में श्रम संघ पदाधिकारी के क्षमता विकास के लिए यूनियन कार्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। श्री ठेंगड़ी ने कहा कि किसी भी संगठन और राष्ट्र में सफलता सुनिश्चित करने के लिए सोच,अनुशासन, समर्पण, सहयोग ,नेतृत्व और कर्म की अनिवार्यता होती है। उन्होंने कहा कि सफलता सुनिश्चित करने के लिए कुछ रूल्स का पालन करना बहुत जरूरी होता है। अपने लक्ष्य को निर्धारित कर कदम बढ़ाएं और आलोचना को सृजनात्मक आलोचना माना जाए। रीजनल डायरेक्टर ने कहा कि जीवन मे हमारे सामने श्रमिक हित में आए हुए अवसर को हमें खोना नहीं चाहिए। कर्महीनता व्यक्ति को अंधकार के गर्त में डुबो देते हैं इसीलिए जीवन में गतिशीलता बनाए रखना है।

पीएन साह ने भी संबोधित किया यूनियन के महासचिव वंश बहादुर सिंह ने आभार जताया। कार्यशाला में अतिरिक्त महासचिव शेखर कुमार शर्मा एस रवि रमेश तिवारी अजय कुमार मार्टिन जी आर सुमन रमाशंकर सिंह सी पी वर्मा अनिमेष पसीने जयंत बराते राजकुमार आदि उपस्थित थे।




### पत्रकारवार्ता में मोदी सरकार पर बोला हमला

# संविधान में आरक्षण आदिवासियों की ऑक्सीजन है: केआर शाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



भाजपा की मोदी सरकार देश के मौजूदा संविधान को परिवर्तित कर तानाशाही शासन व्यवस्था लागू करना चाहती है अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस दिल्ली द्वारा नियुक्त छत्तीसगढ़ में पर्यवेक्षक तथा आदिवासी विकास परिषद प्रदेश अध्यक्ष के. आर. शाह ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भारत का संविधान खतरे में है। देश का लोकतंत्र खतरे में है और इसे बचाने के लिए सभी प्रकार के सामाजिक संगठनों को मुखर होकर आगे आना होगा। वर्तमान भाजपा की मोदी सरकार वास्तव में कार्पोरेट सरकार है जो कुछ चुनिन्दा उद्योगपतियों के हाथो की कठपुतली बन गई है। इस सरकार से सबसे बड़ा खतरा देश के आदिवासियों और उसके जल, जंगल, जमीन को है। श्री शाह ने कहा कि वर्ष 2023 में मोदी सरकार ने वन सरंक्षण अधिनियम में संशोधन कर पांचवी अनुसूची वाले आदिवासी क्षेत्रों की भूमि को बिना ग्राम सभा अनुमति के अधिग्रहित करने का कानून संसद में पास करा लिया है। मोदी सरकार पुनः सत्ता में आयेगी तो बस्तर और सरगुजा की जमीने उद्योगपतियों को दे दी जायेगी।

देश तेजी से अधिनायकवाद की ओर बढ़ रहा है। स्वायत्त संस्थाओं पर शासन का पूर्णतया नियंत्रण है। देश में एक प्रकार से अघोषित आपातकाल की स्थिति है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया को भी स्वतंत्रतापूर्वक कार्य करने से रोका जा रहा है। सारा विपक्ष भयभीत है। मध्य भारत की इकलौती आदिवासी झारखण्डी सरकार के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को जमीन घोटाले में ईडी ने गिरफ्तार कर जेल में डाल रखा है। मामला राजस्व से संबंधित है लेकिन कार्यवाही ईडी कर रही है, इससे स्पष्ट पता चलता है कि केन्द्र सरकार अपने अधिकारों का दुरूपयोग कर राजनैतिक विद्वेष फैला रही है। श्री शाह ने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान सरगुजा में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आदिवासियों की सभा को सम्बोधित करते हुए कहा था कि, मेरे रहते आदिवासियों के जंगल और जमीन को कोई माईका लाल आंख उठाकर नहीं देख सकता। आपका बेटा आपके जंगल और जमीन की रक्षा करेगा। लेकिन सत्ता में बैठते ही भाजपा की डबल इंजन सरकार ने हसदेव अरण्य की विशाल हरी भरी भूमि के लाखों वृक्षों को काटकर मरूस्थल में तब्दील कर दिया। मोदी सरकार के 10 सालों आदिवासियों के लिए एक भी ऐसा कार्य नही किया गया, जिसे माइलस्टोन कहा जा सके। छत्तीसगढ़ की शान भिलाई स्टील प्लांट अडानी को दे दिया जायेगा। एन.टी.पी.सी., एन. एम.डी.सी. जैसे सरकारी संस्थान निजी हाथों में दे दिये जायेंगे। देश व राज्य को इस भावी महासंकट से सिर्फ कांग्रेस पार्टी और उसका गठबंधन ही बचा सकता है।

जब तक कांग्रेस पार्टी रहेगी तब तक कोई भी तानाशाह शासक बाबा साहब अम्बेडकर से संविधान को हटा नहीं सकता। इस वार्ता में के आर शाह, पूर्व महापौर नीता लोधी, एमआईसी सदस्य सीजू एंथोनी, संदीप निरंकारी, अतुल चंद साहू, आर एस वर्मा, जानिसार अख्तर, लक्ष्मी वर्मा अनुसुइया मरकाम मौजूद थे।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 01 मई 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129



04



मास्को की रौनक


लाइव इवेंट

## फ्रैंडली क्रिकेट मैच में नागरिक एकादश ने दर्ज की जीत



**भिलाई।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान जागरूकता की विभिन्न गतिविधियों के साथ-साथ भिलाई नगर निगम एवं जिला प्रशासन दुर्ग के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता के लिए फ्लड लाइट फ्रैंडली क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। यह मैच प्रशासन एकादश एवं नागरिक एकादश के मध्य खेला गया। जिसमें प्रशासन एकादश के कप्तान आईजी रामगोपाल गर्ग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। प्रशासनिक एकादशी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 115 रन बनाए। जिसमें नगर निगम भिलाई के अधिकारी अरविंद शर्मा ने 42 रन तथा एसपी दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला ने 35 रन का बड़ा योगदान दिया। जिसके जवाब में नागरिक एकादश की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए ग्यारहवें ओवर में ही 116 रन बनाकर मैच की जीत अपने नाम की। इस मैच में प्रशासन एकादश एवं नागरिक एकादश के खिलाड़ियों ने जोर-शोर से मतदाता जागरूकता के लिए अपनी प्रदर्शनी दिखाई। साथ ही अन्य नागरिकों ने भी खेल का आनंद लिया। इस मैच में प्रशासन 11 की ओर से सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्रीकेश लथकर ,संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी दुर्ग आरजी गर्ग, एसपी दुर्ग जितेंद्र शुक्ला, सीईओ जिला पंचायत अश्विनी देवांगन, एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे, कमिश्नर भिलाई नगर निगम देवेश कुमार ध्रुव, कमिश्नर रिसाली नगर निगम मोनिका वर्मा, एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे, डिप्टी कलेक्टर हरिवंश मिरी, डिप्टी कलेक्टर लवकेश ध्रुव, डिप्टी कलेक्टर मुकेश कोठारी, डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए एवं नागरिक एकादश की ओर से राजेंद्र ठाकुर की अगुवाई में जिले के नागरिकों ने शिरकत की।

- दोनों टीम ने मतदान जागरुकता के लगाए नारे
- खेल के माध्यम से दिया मतदान का संदेश



सिटी इवेंट

## पंचम गुरु अर्जन देव साहेब का मनाया 459वें प्रकाश पर्व



**भिलाई।** गुरुद्वारा गुरु अर्जन देवजी हाउसिंग बोर्डऔद्योगिक क्षेत्र भिलाई में भी मंगलवार को सिख धर्म के पांचवें धर्मगुरु गुरु अर्जन देव के 461वें प्रकाश पर्व को समूह संगत की उपस्थिति में मनाया गया। उठी नहीं है क्या संगत को निहाल करने के लिए पंजाब से बुलाए गए कविसर बलविंदर सिंघ ने गुरु की जीवनी से संबंधित कविता का पाठ कर सभी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। साथ ही विश्व के सभी परिवारों, देशों व समाज में सुख ,शांति व सुरक्षा की कामना के कार्यक्रमों में गुरु अर्जन देव साहेब द्वारा रचित सुखमनी साहेब की रूहानी वाणी के पाठ कर कीर्तन भी किया गया। इसके बाद हजूरी रागी जत्थे के द्वारा कीर्तन किया गया। गुरुद्वारा साहिब के ग्रन्थी गुरमीत सिंघ द्वारा कथा के माध्यम से गुरु साहिबान की जीवनी से मर्मस्पर्शी शहीदी को याद किया गया। जिसे श्रवण कर संगत भक्ति के भाव से विभोर हो गई। समाप्ति के अवसर पर कीर्तन व अरदास से गुरु साहिब की कुर्बानियों को याद कर सम्पूर्ण विश्व में आरोग्यता व सुख शांति की अरदास की गई। संगत ने कढ़ाह प्रसाद व लंगर ग्रहण किया। संगत ने गुरु साहेब के शीतल स्वभाव को अंगीकार करने का संकल्प भी अपने परिजनों के साथ लिया। इसके साथ गुरुद्वारा गुरु अर्जन देव के समिति के दिशानिर्देश व गुरु घर के सेवक सरदूल सिंघ के मार्गदर्शन में समर कैम्प में समाज के बच्चों, युवाओं को गुरबाणी पढ़ना,लिखना,शब्द,कीर्तन गाना,वाद्य यंत्र वादन सहित सिख इतिहास की जानकारी देकर देशभक्ति की भावना जागृत भी किया जा रहा है।

- समर कैम्प में बच्चे सीखेंगे गुरबाणी पढ़ना,लिखना ,शब्द,कीर्तन

### बताई गुरू की महिमा

पंचम गुरु गुरु अर्जन देव साहब के प्रकाश पर्व के बारे में सिख समाज हाउसिंग बोर्ड भिलाई की कमेटी की ओर से जानकारी दी गई कि सिख धर्म के ग्यारहवें गुरु गुरु ग्रंथ साहेब जिनमें 1430 अंगों की रूहानी अमृत बाणी में सर्वाधिक अंग पांचवें गुरु अर्जन देव के द्वारा अंकित है। मुगल शासक जहांगीर ने धर्म परिवर्तन के लिए गुरुजी को तपते तवे पर बिठाकर उनके ऊपर तपती रेत डालकर सेकाई की। परन्तु ये अमानवीय यातनाएं भी उनके शीतल स्वभाव को डिगा नहीं सकी। और तपती रेत से भी उन्होंने निष्ठा भंग नहीं होने दी। गुरु ने प्रत्येक कष्ट हंसते-हंसते झेला। इसलिए गुरु साहेब के प्रकाश पर्व का आयोजन सांस्कृतिक विरासतों को सहेजने एवं गुरुओं द्वारा दी गई कुर्बानियों से शिक्षा लेकर खुद भी सदैव अपने देश के लिये सदा कुर्बान होने की भावना जागृत करने के लिये किया जाता है। जिस तरह इतने कष्टों के बाद भी जैसे गुरु के स्वभाव में शीतलता थी।

● नई शिक्षा नीति को लेकर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की अहम बैठक

# नए सत्र से 23 कॉलेजों में सालाना परीक्षा सिस्टम खत्म चार साल का डिग्री कोर्स, सेमेस्टर सिस्टम से पढ़ेंगे छात्र




### एनईपी से क्या बदलेगा

- सभी यूजी पाठ्यक्रम चार साल के हो जाएंगे, जिसमें सेमेस्टर सिस्टम से परीक्षा ली जाएगी।- चार साल के पाठ्यक्रम में तीन साल सामान्य होंगे, जबकि एक साल अतिरिक्त में रिसर्च से जुड़े पाठ्यक्रम पढ़ाएंगे।
- नई शिक्षा नीति के तहत 4 साल के पाठ्यक्रम में वहीं छात्रों को शामिल किया जाएगा जो ग्रेजुएशन 75 फीसदी अंकों के साथ उत्तीर्ण करेंगे।
- पहले ही साल में कॉलेज की पढ़ाई छोड़ देने वाले छात्र को सर्टिफिकेट, दूसरे साल में डिप्लोमा और तीसरा साल पूरा करने के बाद डिग्री मिलेगी।

0 सेशन समय पर शुरू होगा, परीक्षा और परिणाम भी तुरंत आएंगे।

### छात्रों को होगा बड़ा फायदा

छात्रों को होगा बड़ा फायदाअभी तक पीजी करने के लिए तीन साल का यूजी करना अनिवार्य है, लेकिन नई शिक्षा नीति के तहत यूजी करने वाले विद्यार्थियों को सिर्फ एक साल का स्नातकोत्तर यानी पीजी करना होगा। इससे वे पीएचडी भी कर सकेंगे। पीजी सिर्फ एक साल का होगा, जिसकी वजह से एक साल पूरी तरह से बचेगा। यह व्यवस्था एनईपी से ही मिल सकेगी।

**आलोक तिवारी, भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ने आगामी शिक्षण सत्र से नई शिक्षा नीति के तहत अपने संबद्ध कॉलेजों में पढ़ाई कराने और परीक्षाएं लेने का फैसला कर लिया है। विश्वविद्यालयों में एनईपी लागू करने के लिए रोजाना सेंट्रल कमेटी की मीटिंग चल रही है। गुरुवार को भी रायपुर में एक बैठक हुई, जिसमें इसके प्रचार-प्रसार को लेकर रणनीति पर चर्चा हुई। नए शिक्षण सत्र में अब सिर्फ दो महीने का ही समय शेष रह गया है। ऐसे में स्कूल की दहलीज पार कर कॉलेज पहुंचने वाले विद्यार्थियों को एनईपी की जानकारी देने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय विशेष जतन करेगा। विश्वविद्यालय अपने दायरे के कॉलेजों में एनईपी का प्रचार करने के लिए कॉलेज, विश्वविद्यालय, जिला और संभाग स्तर पर कार्यक्रम करेगा। स्कूलों से निकल कॉलेज पहुंचे विद्यार्थियों को एनईपी से घबराहट न हो और उनका रिजल्ट नहीं बिगड़े, इसके लिए हर कॉलेज और विश्वविद्यालय में विशेष विद्यार्थियों के दल बनाए जाएंगे, जो विभिन्न गतिविधियों के जरिए एनईपी का प्रसार करेंगे।

प्रचार में खर्च होंगे 30 लाख हेमचंद विश्वविद्यालय संबद्ध कॉलेजों में नई शिक्षा नीति लागू कराने जा रहा है। इसके लिए 26 कॉलेजों ने सहमति भी दे दी है, यहां नए सत्र से वार्षिक परीक्षा के बजाए सेमेस्टर और क्रेडिट सिस्टम से पढ़ाई होगी। इनके अलावा भी शासकीय कॉलेजों में एनईपी का प्रचार-प्रसार करने के लिए विश्वविद्यालय 30 लाख रुपए खर्च करेगा।

इस फंड से कॉलेजों में एनईपी को लेकर कार्यशाला, सेमिनार जैसे कार्यक्रम होंगे। एक-दो दिनों में इस परियोजना की शुरुआत हेमचंद यादव विश्वविद्यालय कर देगा। इस साल जुलाई में नए सेशन का आगाज होगा। इससे पहले नजदीकी स्कूलों तक पहुंचकर बच्चों को एनईपी के बारे में बताने के लिए विश्वविद्यालय भी कोशिश करेगा।

### तैयारी शुरू



शासन के निर्देश से नए सत्र से विश्वविद्यालय में एनईपी लागू करना है। इसको लेकर जरूरी निर्देश दिए जा रहे हैं। नए सिरे से सिलेबस को लेकर तैयारी शुरू है। जिसे केन्द्रीय अध्ययन मंडल में विचार-विमर्श के बाद इसे अनुमोदित किया जाएगा।

- डॉ. अरुणा पल्टा, कुलपति हेमचंद विश्वविद्यालय

## आंध्रा देवांग संघम ने मनाया पारिवारिक मिलन समारोह





**भिलाई।** आंध्रा देवांग संघम भिलाई द्वारा रविवार को श्रीरामेश्वर महादेव मंदिर सेक्टर-6 परिसर में पारिवारिक मिलन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल उपस्थित रहे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सांवल राम डहरे तथा वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के प्रतिनिधि के रूप में संतोश मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ रामेश्वर महादेव की पूजा अर्चना के साथ की गई। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों के साथ ही वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

आंध्रा देवांग संघम भिलाई के सदस्य परिवारों के सहयोग हर वर्ष पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन करता आ रहा है। इस वर्ष भी उत्साह पूर्वक पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अथिति सांसद विजय बघेल लोकसभा चुनाव के बिजी शेड्यूल से समय निकाल कर कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने रामेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की और आंध्रा देवांग संघम के पदाधिकारियों से चर्चा की। सांसद विजय बघेल ने समाज की महिला मंडली से भी चर्चा की। सांसद विजय बघेल ने इस दौरान सामाजिक आयोजन के लिए समिति का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में आंध्रा देवांग संघम द्वारा सांसद विजय बघेल सहित विधायक वैशाली नगर रिकेश सेन के प्रतिनिधि संतोष मिश्रा का सम्मान किया गया। साथ ही समाज के वरिष्ठ जनों को भी मंच पर शॉल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। पारिवारिक मिलन समारोह में बच्चों व महिलाओं के बीच मनोरंजक कार्यक्रम भी हुए। साथ बच्चों के मनोरंजन के लिए हाउजी गेम का भी आयोजन किया किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अध्यक्ष जी भीमा राव, महासचिव के केशव राव, उपाध्यक्ष जी मुकेश, सचिव के यशोदा, सह सचिव एम लोकेश, कोषाध्यक्ष पी रामा राव, उपकोषाध्यक्ष के शंकर राव, सरंक्षक एस चंद्रशेखर, महिला मंडली से अध्यक्ष वाय ईश्वरी, उपाध्यक्ष आई ईश्वरी, सचिव जी पूर्णिमा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## बढ़ते गर्मी को देखते हुए संस्था ने बांटा शीतल पेय




**भिलाई।** भीषण गर्मी को देखते हुए छग उड़ान नई दिशा संस्था और राष्ट्रीय महिला जागृति मंच दिल्ली के बैनर तले जलजीरा का वितरण सेक्टर 10 ग्लोब चौक में किया गया। संस्था के द्वारा पांच हजार गिलास जलजीरा का वितरण नागरिकों के लिए किया। लोकसभा चुनाव के लिए संस्था के सदस्यों के द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने आम नागरिकों से अपील की गई। उड़ान नई दिशा संस्था की अध्यक्ष व राष्ट्रीय महिला जागृति मंच राष्ट्रीय सचिव निधि चन्द्राकर ने बताया कि हमारी संस्था के द्वारा हर वर्ष शीतल पेय का वितरण किया जाता है।

कुछ दिन पहले हमारी संस्था के द्वारा 51 मिट्टी के घड़ों का वितरण प्याऊ घर, मंदिर में किया गया। उड़ान संस्था की दीपाली मिश्रा के द्वारा आयोजन में विशेष सहयोग किया। संस्था की उपाध्यक्ष रुना शर्मा, सचिव अनिता वर्मा,, कविता गुप्ता, गायत्री साहू, मनीषा महानंद, सुशीला, दुर्गा, के दीपा मौजूद थी।

गोल्डन वॉयस द्वारा स्टूडियो द्वारा किया गया था प्रतियोगिता का आयोजन

कार्नर न्यूज

प्रख्यात भजन एवं गजल गायक पं. प्रभंजय चतुर्वेदी ने कैरीओकी सिंगर्स को साधुवाद देते हुए कहा कि संगीत से जुड़ना प्रकृति और ईश्वर से जुड़ने जैसा है। हमारे आसपास भांति-भांति की ध्वनियां होती हैं। जब इन्हें हम सुर-ताल में बांध देते हैं तो वही संगीत हो जाता है। पं चतुर्वेदी गोल्डन वॉयस स्टूडियो द्वारा 50 पार के लोगों के लिए ऑनलाइन आयोजित राष्ट्रीय कैरीओकी संगीत प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

## "गोल्डन वॉयस अवार्ड" के प्रतिभागियों का भजन सम्राट प्रभंजय ने किया सम्मान

**भिलाई।** मुख्य अतिथि पं. चतुर्वेदी ने कहा कि कैरीओकी ने सुगम संगीत को आसान बना दिया है पर ऐसे सिंगर्स को बीच-बीच में बिना संगीत के गाकर अपनी आवाज भी सुननी चाहिए. इससे उनकी गायकी बेहतर हो जाएगी। उन्होंने जावेद अख्तर की गजल 'तुमको देखा तो ये ख्याल आया' की प्रस्तुति भी दी।



### विजेताओं को किया पुरस्कृत

आयोजन के विशिष्ट अतिथि हाईटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल के सर्जन डॉ. नविल कुमार शर्मा, एमजे ग्रुप ऑफ एजुकेशन की डायरेक्टर डॉ. श्रीलेखा विरुलकर एवं खण्डवा से पधारे गायक सितांशु गीते के करकमलों से विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। पुरुष वर्ग का प्रथम पुरस्कार वदोदरा के न्यूरो सर्जन डॉ. यशेश दलाल को दिया गया। उनकी अनुपस्थिति में पुरस्कार डॉ नवील शर्मा ने प्राप्त किया। द्वितीय पुरस्कार वसई मुम्बई के ओस्वाल्ड अंड्राडे को प्रदान किया गया। तृतीय पुरस्कार भिलाई के कुलदीप अरविन्द को दिया गया। महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार कटक की जबीन अदेनी एवं द्वितीय पुरस्कार भिलाई के माया बघेल को प्रदान किया गया। श्री गीते को वॉयस ऑफ किशोर सम्मान से नवाजा गया।

### गाए गए लोकभाषाओं में गीत

एमजे कालेज के स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित इस समारोह में वरिष्ठतम सिंगर्स वर्ग में चित्रगुप्त मंदिर समिति सेक्टर-6 के पूर्व अध्यक्ष विनोद प्रसाद एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के पूर्व प्रबंधक मुकेश भटनागर को सम्मानित किया गया. फायनलिस्ट में क्रमश बाल्य रोग विशेषज्ञ डॉ आशीष जैन, पूनाराम काम्बले, राजेश कुमार कन्नौजे, अशोक धावले, सुशील भालेकर, श्रीशंकराचार्य महाविद्यालय की सहा. प्राध्यापक लक्ष्मी वर्मा, आईडी चन्द्राकर, आशा वर्मा, विद्या भट्टाचार्या तथा चंद्रपुर (महाराष्ट्र) के डॉ. विजय गेडाम को प्रदान किया गया। विजयानगरम के वेंकट नंदीमिन्टी को क्षेत्रीय भाषा में गायन के लिए पुरस्कृत किया गया। उनके चाचाजी ने उनके लिए यह पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन गोल्डन वायस स्टूडियो के संचालक दीपक रंजन दास ने किया। आयोजन को सफल बनाने में गोल्डन वायस स्टूडियो एवं बिग थैंक्यू फाउंडेशन के संजय मोरे एवं सुशील भालेकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मेजबान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार चौबे ने धन्यवाद ज्ञापन किया। पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह के पश्चात सभी प्रतिभागियों ने गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियां दीं।

## सिटी इवेंट

# बीएमएस ने लोस में शत-प्रतिशत मतदान कराने का लिया संकल्प



**भिलाई।** लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे करीब आता जा रहा है, वैसे-वैसे मतदाताओं को निष्पक्ष मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में भिलाई इस्पात मजदूर संघ ने मंगलवार को यूनियन कार्यालय सेक्टर 6 में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यूनियन के महामंत्री चन्ना केश्वालू ने कहा मतदान हमारा अधिकार है, हमें निर्वाचन कर्तव्य के साथ मतदान अवश्य करें। मतदान केवल अधिकार ही नही बल्कि यह हर नागरिक का कर्तव्य भी है। कार्यक्रम में यूनियन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने यह संकल्प लिया की मतदाताओं को जागरूक कर मतदान के लिए प्रेरित करने के एवं जिले में मतदान 7 मई को शत-प्रतिशत मतदान राष्ट्रहित में कराने का संकल्प लिया गया। बैटक में मुख्य रूप से भिलाई इस्पात मजदूर संघ के महामंत्री चन्ना केश्वलू, डिल्ली राव, वशिष्ठ वर्मा, जोगेंद्र कुमार, संजय साकुरे, भागीरती चंद्राकर, प्रकाश अग्रवाल, दीपक मिश्रा, अखिलेश उपाध्याय , जगजीत सिंह, नरोत्तम प्रसाद बारले, सुधीर गड़ेवाल , वेंकट राव मुगी, पूरन लाल साहू, अशोक कुमार, राजीव सिंह, गंगा राम चौबे, संदीप पाण्डेय एवं अन्य सदस्य उपस्तिथ थे ।

- सेक्टर-6 कार्यालय में मतदाता जागरुकता का हुआ कार्यक्रम

## सिटी लाइव

# स्पार्क सोशल के नाम से हुई जागरूकता कार्यशाला



**भिलाई।** टाटा सोशल इंटरप्राइजेज चैनल (टीएसईसी), टाटासंस द्वारा प्रायोजित, सम्पूर्ण भारत का सामाजिक उद्यमिता से सम्बंधित भारत का एक सर्वश्रेष्ठ प्लेटफॉर्म है,जहां उद्यमी अपने सामाजिक उन्नयन से सम्बंधित व्यापर को बढ़ावा देने के लिए अपने नवीन विचारों के साथ आवेदन करते हैं, और चयनित होने पर प्रथम तीन उद्यमियों को दस-दस लाख की ग्रांट दी जाती है। यह प्रतियोगिता सन 2012 से लगातार हर वर्ष आयोजित होती है। इस पूरे आयोजन का सम्पूर्ण दायित्व आईआईएम कलकत्ता इनोवेशन पार्क के द्वारा किया जाता है। इसी सम्बन्ध में स्पार्क सोशल के नाम से एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन सीएसवीटीयू-फोर्टे ने छत्तीसगढ़ राज्य के आधिकारिक सहयोगी होने के नाते, विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार को आयोजित किया। इस कार्यक्रम में आईआईएम कलकत्ता के एक्सपर्ट सौजीत दास एवं नमामि घोष ने इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को आईआईएम सीआईपी एवं टीएसईसी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में उपस्थित मिस्टर सत्येंद्र सिंह लिलहरे एवं प्रियजीत बोस,जो की टीएसईसी के पूर्व विजेता रहे हैं ने भी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम में सीएसवीटीयू-फोर्टे के निदेशक डॉ. आरएन पटेल, युटीडीके निदेशक डॉ. पीके घोष, निधि आईटीबीआईकेसीईओ और मैनेजर, एसोसिएट, अकाउंटेंट, वर्कशॉप असिस्टेंट ने कार्यक्रम के आयोजन में अपना सहयोग दिया।



## स्पोर्ट्स इवेंट

# सीनियर टी-20 एलीट ग्रुप में बीसीए ने 4 विकेट से जीता मैच



**भिलाई।** भिलाई। सीएससीएस द्वारा आयोजित सीनियर टी-20 एलीट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत मंगलवार को बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-10 टीम बीसीए विरुद्ध महासमुंद के बीच खेला गया। जिसमें बीसीए ने यह मैच 4 विकेट से जीता। दूसरा मैच बिलासपुर ब्लू विरुद्ध रायपुर ब्लू के बीच खेला गया। जिसमें रायपुर ब्लू ने यह मैच 38 रन से जीता। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम रायपुर, टीम बीएसपी विरुद्ध बिलासपुर के बीच खेला गया। जिसमें बीएसपी ने यह मैच 7 विकेट से जीता। मैच दुर्ग विरुद्ध जशपुर के बीच खेला गया। जिसमें दुर्ग ने यह मैच 9 रन से जीता। अंडर 19 वूमेन'एस एक दिवसीय चैलेंजर ट्रॉफी स्थान बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 टीम ईस्ट वर्सेस साउथ परिणाम ईस्ट ने यह मैच 109 रन से जीता स्थान आरडीसीए रायपुर नॉर्थ विरुद्ध सेंट्रल जोन परिणाम सेंट्रल जोन यह मैच 3 विकेट से जीता।

## मतदाता जागरूकता को लेकर वोट फॉर भारत मैराथन का आयोजन

# भारत मैराथन में खिलाड़ियों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा, विजेता हुए पुरस्कृत

**भिलाई।** खेलों भारत छत्तीसगढ़ जो की प्रदेश के खेल विद्यार्थियों के विकास एवं खेल जगत से संबंधित कार्यक्रम आयोजन करने की दिशा में विगत कई वर्षों से कार्य करते आ रहा है। इसी क्रम आने वाले इस लोकतंत्र के महापर्व में शत-प्रतिशत मतदान का उद्देश्य लेकर खेलो भारत दुर्ग के द्वारा रन फॉर वोट का अभियान लिया गया है। जिसमें सभी विद्यार्थियों एवं नागरिकों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता के लिए मैराथन वोट फॉर भारत का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से दिलेश्वर उमरे, विकास जायसवाल, हरभजन, दामोदर राव, पलाश घोष, प्रवीण यादव उपस्थित थे।



### खिलाड़ियों की प्रतिभा निखरेगी

दिलेश्वर ने कहा की स्वामी कहा करते थे की उठो जागो और तब तक न रूको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए तो इस हेतु हमे अपने लक्ष्य के प्रति सजग होने की आवश्यकता है एवं अपने मौलिक कर्तव्यों का निर्वहन करने की आवश्यकता है। विकास जायसवाल ने कहा कि यह जो रन फॉर भारत, उससे खिलाड़ियों के प्रतिभा निखार के आया है। उन्होंने अटल को याद करते हुए एक कविता सुनाई कि भारत कोई भूमि का टुकड़ा नहीं है जीता जागता राष्ट्रपुरुष है ,ये वंदन की धरती है ये अभिनंदन की धरती है ,इसकी नदी-नदी हमारे लिए गंगा और कंकड़-कंकड़ हमारे लिए शंकर है, हम जियेंगे तो इस भारत के लिए और मरेंगे इस भारत के लिये ,मरने के बाद भी गंगाजल में हमारी अस्थियों को कोई कान लगाकर सुनेगा तो एक ही आवाज आएगी भारत माता की जय।



### बालक वर्ग में प्रथम ओमकार, बालिका वर्ग में शीतल

विभाग संयोजक पलाश घोष ने कहा कि आज खेलो भारत के माध्यम से यह जो मैराथन रन फॉर वोट हुआ तो यह सिर्फ जीत या हार का मैराथन नहीं था अपितु यह मैराथन तो उस युवा वर्ग एवं ऐसे प्रत्येक नागरिकों के लिए था जो जागरूकता के आभाव में मतदान नहीं कर पाते और जब यह मैराथन तो सम्पूर्ण समाज को जागरूक करते हुए इस लोकतंत्र के महापर्व में भारत के प्रत्येक मतदाता को मतदान करने एवं ऐसा करते हुए शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रयास करना। जिला संयोजक प्रवीण यादव ने कार्यक्रम की जानकारी बताते हुए कहा की यह मैराथन सेक्टर-2 भिलाई विद्यालय से प्रारंभ होकर ग़्लोब चौक होते हुए सेक्टर-2 भिलाई विद्यालय ग्राउंड में पूर्ण हुआ। बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर ओमकार वर्मा, द्वितीय मनीष साहू, तृतीय वसीम खान थे। वहीं बालिका वर्ग में प्रथम स्थान में शीतल साव, द्वितीय काजल, तृतीय रिंपल उपस्थित थे। सभी विजयी प्रतिभागियों के साथ शीर्ष 10 प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया। इस मैराथन में वैभव, अभिषेक, अंश, मिहिर, मानव,संतोष, उदित एवं सैकड़ों की संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।



## जीवन एक संघर्ष...







**भिलाई।** सृष्टि में आए प्रत्येक जीव को जीवन जीने का अधिकार है। भिलाई टाउनशिप में भीषण गर्मी के बावजूद हरियाली देखने को मिलती है। हरियाली के बीच पेड़-पौधों में अपने जीवन को बचाने कई तरह की कीट संघर्ष कर रहे है। तस्वीर में दिख रहा कीट विशेष प्रजाति का है। जो हरे-भरे पेड़ों में पत्तों को नुकसान पहुंचता है। पर्यावरण प्रेमी बलदाऊ वर्मा का कहना है कि यह कीट बेहद जहरीला भी होता है। इंसान के शरीर को यह कीट टच कर दे तो दाद जैसे पपोले आ जाते है। इससे बचकर रहना चाहिए।

*(फोटो संजय पांडेय)*

## मेंस फुटबॉल लीग 2024

# ब्रह्मविद रायपुर ने रोवर्स एफसी भिलाई को हराया



### ब्रह्मविद एफए रायपुर ने 4 गोल दागे

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट तृतीय मेंस फुटबॉल लीग 2024 के अंतर्गत मंगलवार को शांति नगर दशहरा मैदान में रोवर्स एफसी भिलाई एवं ब्रह्मविद एफए रायपुर के मध्य मैच खेला गया। जिसमें ब्रह्मविद एफए ने 4-1 से जीत दर्ज किया। ब्रह्मविद एफए की ओर से जर्सी नंबर 40 अमित नाग ने 17 वें मिनट में, जर्सी नंबर 99 दिलीप ने 31 वें मिनट में, जर्सी नंबर 14 एम साईराज ने 57 वें मिनट में और जर्सी नंबर 20 राकेश कुमार ने 60 वें मिनट में सभी ने एक-एक गोल किया। रोवर्स एफसी की ओर से एकमात्र गोल जर्सी 14 कृष्ण कुमार पात्रो ने किया।



## सृष्टि का मूल माध्यम स्त्री को ही चुना गया है :स्वामी निरंजन महराज

# सागर मंथन से निकले रत्नों में एक रत्न कन्या है, इसे सौभाग्य रुप में स्वीकार करें



### कार्नर न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग के ग्राम बोरई में श्रीमद्भागवत कथा चल रही है जिसमें संत महाराज बता रहे हैं कि मनुष्य के गृहस्थ जीवन में द्वन्द्व है, सुख है दुख है, जय है पराजय है, लाभ है तो हानि भी है। द्वन्द्वों से परे उठकर मोक्ष और मुक्ति के लिए मानव जीवन मिला है। भगवान राम की लीला अनुकरणीय और कृष्ण की लीला श्रवणीय लीला कहा गया है। भगवान की लीला को निरंतर श्रवण करने वाला, चिंतन करने वाला और अनुशरण करने वाला सहज ही भव सागर को पार कर लेता है। भगवान तर्क से परे हैं यहां कुतर्क की कहीं जगह नही है।



### भगवान कृष्ण की लीलाओं का किया वर्णन

दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम बोरई में आयोजित भागवत कथा सप्ताह में कृष्ण जन्म लीला प्रसंग में भगवताचार्य स्वामी संत निरंजन महाराज लिमतरा आश्रम ने कहा कि कृष्ण की लीला श्रवणीय है हम अपने कानों को समन्दर बना लें और कथा की सरिता हमारे जीवन में आते रहे,आते रहे। संसार का प्यास कभी छोड़ता नही जीवन तो तब धन्य होता है जब परमात्मा को पाने का प्यास जागता है। जिस दिन भगवान के चरणों की प्यास जाग जाये समझ जाना जीवन में मेरी भगवान की कृपा बरस गई। निश्छल भाव से भगवान से कोई एक रिस्ता जोड़ लो, भाई का, बहन का, पुत्र का, मित्र, सखा सखी का और जीवन भर उसका निर्वहन वैसे ही करो जैसे सांसारिक रूप में करते हैं। प्रभु सानिध्य का लाभ आप स्वयं महसूस करने लगेंगे, जीवन में हर क्षण उत्सव होगा।

### भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव में झूमे श्रोता

देवकी की आठवां संतान समझकर जिस बालिका को जो एक बालिका के रूप में योगमाया थी, जैसे ही कंश उसे मारने का भाव अपने अंदर लाता है, उसका पाप का घड़ा भर जाता है और विनाश का द्वार खुल जाता है। आज समाज में लड़कियों को गर्भ में मारने का जो निकृष्ट प्रयास होता है यह महापाप की श्रेणी में है। सागर मंथन से निकले रत्नों में एक रत्न कन्या है। इसे सौभाग्य रुप में स्वीकार करें, क्योंकि सृजन का मूल माध्यम स्त्री को ही चुना गया है। कृष्ण जन्मोत्सव का सजिव चित्रण से पूरा श्रोता समाज झूम उठा, समुचा गाँव गोकुल मय होकर महोत्सव मनाया। स्वामी निरंजन महराज ने उपस्थित माताओं से कहा भारत भूमि मर्यादा की भूमि है त्याग की भूमि है, समर्पण की भूमि है आप माता देवकी और यशोदा बनेंगी तो निश्चित ही आपके आंगन में भी राम और कृष्ण खेलेंगे। इस कथा को सुनने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आनंद ले रहे हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### कलरिपयतु का चार दिवसीय राज्य स्तरीय विशेष प्रशिक्षण शिविर आज से दल्लीराजहरा में



**रायपुर।** आगामी तमाम राष्ट्रीय आयोजनों यथा खेलो इण्डिया, राष्ट्रीय खेल और नेशनल चैंपियनशिप की तैयारियों हेतू एवँ अच्छे प्रदर्शन हेतू साथ ही नए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को तैयार करने छत्तीसगढ़ कलरिपयतु संघ के तत्वावधान में बालोद जिला कलरिपयतु संघ एवँ मार्शल आर्ट्स क्लब दल्लीराजहरा के सहयोग से चार दिवसीय राज्य स्तरीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन ओपन एयर थिएटर, दल्लीराजहरा जिला बालोद में एक से चार मई तक आयोजित है। भारतीय कलरिपयतु फेडरेशन के सुप्रसिद्ध एवँ राष्ट्रीय कोच, निर्णायक केरल के श्रीजेयन दल्लीराजहरा पहुँच रहे हैं। इस शिविर के मुख्य कोच के तौर पर श्रीजेयन एक मई को राज्य स्तरीय विशेष प्रशिक्षण शिविर में सुबह 7 बजे से प्रथम सत्र शुरू कर देंगे।

कलरिपयतु खेल का आगामी शिविर शीघ्र ही कोरबा या बिलासपुर में आयोजित किये जाने की संभावना है ताकि राज्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को शिविर का अधिकतम लाभ मिल सके। इस शिविर में रायपुर से टिकेश्वरी साहू, वैभवी दामा, दिव्या अग्रवाल, समिधा अग्रवाल, भार्गवी उईके, वैष्णवी खरखते, तोशी पाण्डेय, नीलेश्वरी पटेल, प्रवीण जायसवाल, शुभांश मानिकपुरी, भावजोत सिंह, विंध्यकुमार सोनी, आर्यन पटेल, अर्चित केशरवानी, जय कुमार, सोहैल मोकाती, आदित्य सोलंकी और सौम्य कुमार प्रसाद आदि जिला कलरिपयतु संघ रायपुर के अध्यक्ष अनीस मेमन के निर्देशन एवँ सचिव अमन यादव के नेतृत्व में भाग लेंगे। उल्लेखनीय है कि कलरिपयतु खेल, भारत सरकार के खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय से मान्यता प्राप्त खेल है तथा इस भारतीय मार्शल आर्ट्स खेल को राष्ट्रीय खेल, खेलो इंडिया यूथ गेम्स एवं स्कूल खेल में शामिल किया जा चुका है। कलरिपयतु भारत का सर्वाधिक प्राचीन मार्शल आर्ट है जिसे 9वीं से 11वीं शताब्दी के मध्य उत्पन्न हुआ ऐसा माना जाता है जिसका उपयोग युद्ध मे किया जाता था। कलरिपयतु को सभी मार्शल आर्ट्स की जननी भी कहा जाता है।

### नि:शुल्क ग्रीष्मकालीन वेट लिफ्टिंग प्रशिक्षण शिविर आज से रायपुर में



**रायपुर।** जिला भारोत्तोलन संघ एवं जय सतनाम व्यायाम शाला द्वारा संयुक्त रूप ग्रीष्मकालीन नि:शुल्क वेटलिफ्टिंग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन एक मई से 14 जून तक किया जा रहा है। से 8 वर्ष से 15 वर्ष तक के बालक/बालिकाओं के लिए आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व एनआईएस, क्वालिफाइड प्रशिक्षको द्वारा वेटलिफ्टिंग की प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा माह जून में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### राज्य स्तरीय मार्शल आर्ट एडवांस ट्रेनिंग कैंप में शामिल हुए खिलाड़ी



**रायपुर।** मार्शल आर्ट एकेडमी ऑफ़ छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में राज्य स्तरीय एडवांस ट्रेनिंग कैंप का आयोजन 27 एवं 28 अप्रैल को रेलवे इंस्टिट्यूट बिलासपुर में किया गया। शिविर में प्रदेश के 9 जिलों के 55 खिलाड़ी एवं प्रशिक्षकों ने भाग लिया। कैंप में खिलाड़ियों को नई तकनीक्रो एवं फाइट के गुर सिखाये गए। विभिन्न जिले से आए प्रशिक्षक्रो को का भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।शिविर के मुख्य प्रशिक्षक एवं अकेडमी आफ छत्तीसगढ़ के तकनीकी निदेशक शेख समीर ने बताया कि प्रदेश के खिलाड़ियों को विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है, ताकि खिलाड़ियों का आगामी राष्ट्रीय स्पर्धा मे बेहतर प्रदर्शन हो सके। शिविर के समापन पर मुख्य अतिथि ठाकुर रविंद्र सिंह थे। अध्यक्षता हेमंत सिंह परिहार ने की एवं विशिष्ट अतिथि कुसुम लता सहगल, परमेश्वर बर्मन, राकेश केसरी और अनिल शुक्ला आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।


---

अनिद्रा से जूझ रहे लोगों को समय पर करवाना चाहिए उपचार, मिलेगी राहत

# आप अनिद्रा के शिकार हैं तो 'मेलाटोनिन' की कमी संभव, कर सकते हैं इसमें सुधार

नींद न आना, रात के समय बार-बार नींद टूट जाने की स्थिति को सेहत के लिए कई प्रकार से हानिकारक माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सभी वयस्कों को हर रात कम से कम 6-8 घंटे के निर्बाध नींद की जरूरत होती है। जिन लोगों को नींद लेने में कठिनाई या अनिद्र की समस्या है उन्हें समय पर डॉक्टर से मिलकर इसका उपचार प्राप्त करना चाहिए। अनिद्रा की समस्या को अध्ययनों में शारीरिक-मानसिक दोनों प्रकार की सेहत के लिए खतरनाक बताया गया है। अध्ययनकर्ता बताते हैं जिन लोगों को अक्सर नींद न आने की समस्या रहती है उनमें मेलाटोनिन नामक हार्मोन की कमी देखी जाती रही है। मेलाटोनिन वह हार्मोन है जो नींद के चक्र को ठीक बनाए रखने के साथ अच्छी और गहरी नींद प्राप्त करने में मदद करता है। कहीं आपमें भी तो इसकी कमी नहीं है, इसमें सुधार कैसे किया जा सकता है आइए इस बारे में समझते हैं।





### मेलाटोनिन की कमी के क्या संकेत हैं?

आमतौर पर मेलाटोनिन की कमी के कारण नींद विकारों की समस्या होना आम है पर इसके अलावा भी कई लक्षण हैं जिनपर ध्यान देना आपके लिए जरूरी है। दिन में बहुत नींद आना-रात में नींद लेने में दिक्कत। सर्केडियन रिदम की समस्या (सोने-जागने के समय में बदलाव) तेजी से उम्र बढ़ने के लक्षण दिखाना। मेटाबॉलिज्म की समस्या होना।

### मेलाटोनिन हार्मोन है जरूरी

मेलाटोनिन ऐसा हार्मोन है जो आपका मस्तिष्क अंधेरे की प्रतिक्रिया में पैदा करता है। यह आपकी सर्केडियन रिदम (सोने-जागने के समय) और अच्छी नींद प्राप्त करने के लिए आवश्यक है। रात में सोते समय रोशनी होने के कारण से भी मेलाटोनिन उत्पादन बाधित हो सकता है। यहां जानना जरूरी है कि मेलाटोनिन सिर्फ नींद के लिए ही जरूरी नहीं है इसकी कमी के कारण चिंता और मनोदशा संबंधी विकार, शरीर का तापमान कम होने और एस्ट्रोजन हार्मोन के बढ़ने जैसी दिक्कतें भी हो सकती हैं।

### कैसे करें मेलाटोनिन के स्तर में सुधार

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, प्राकृतिक रूप से मेलाटोनिन को बढ़ावा देने के लिए कुछ उपाय किए जा सकते हैं। संतुलित-पोषक तत्वों से भरपूर आहार की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है। एंटीऑक्सीडेंट युक्त खाद्य पदार्थ, कॉपर और विटामिन ए-ई वाली चीजों को आहार का हिस्सा बनाकर मेलाटोनिन हार्मोन के स्तर को ठीक किया जा सकता है। इसके अलावा तनाव का प्रबंधन करना भी बहुत आवश्यक है। डॉक्टर से मिलकर शरीर में मेलाटोनिन की कमी की पता लगाने में मदद मिल सकती है। जिन लोगों में इसकी गंभीर कमी होती है स्वास्थ्य विशेषज्ञ उन्हें मेलाटोनिन सप्लीमेंट्स लेने की भी सलाह दे सकते हैं।

---



## शाम 7 बजे से पहले करें डिनर सेहत के लिए कमाल के फायदे

क्या आपको भी रात का भोजन देर से करने की आदत है? तो यहां बताई गई जानकारी बताई गई जानकारी आपके लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकती है, क्योंकि यहां हम आपको समय पर डिनर करने के कुछ ऐसे फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें जानने के बाद आप अपनी यह आदत जरूर बदलेंगे।

रात का भोजन जल्दी करना चाहिए... यह सलाह हम सब सुनते आ रहे हैं पर हममें से बहुत कम लोग ही इसका पालन करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि ज्यादातर लोगों को इससे मिलने वाले फायदों के बारे में जानकारी नहीं होती है और ऐसे में वो इससे मिलने वाले सेहत लाभ से वंचित रह जाते हैं। इसलिए इस आर्टिकल में हम आपको इस बारे में सही और पूरी जानकारी देने का प्रयास कर रहे हैं।

यहां हम आपको डिनर जल्दी करने से मिलने वाले फायदों के बारे में विस्तार से बता रहे हैं। बता दें कि हमने इस बारे में लखनऊ के जनरल फिजिशियन डॉ. बृजेंद्र सिंह से बात की है और उनसे मिली जानकारी यहां आपके साथ शेयर कर रहे हैं।

डॉ. बृजेंद्र सिंह बताते हैं कि आज की बदलती जीवनशैली ने लोगों की दिनचर्या से लेकर खान-पान तक सब कुछ पूरी तरह से बदल दिया है। गौरतलब है कि भारतीय संस्कृति में सूरज ढलने के बाद भोजन ग्रहण करने का चलन नहीं था। पर पाश्चात्य सभ्यता की देखा-देखी यहां



भी लोग देर रात तक भोजन करने लगें, जिसका खामियाजा सेहत संबंधी समस्याओं के रूप में देखने को मिला है। ऐसे में अगर आपको इन समस्याओं से निजात पानी है तो आपको रात का भोजन जल्दी करना शुरू करना होगा। डॉ. बृजेंद्र सिंह आगे बताते हैं कि रात का भोजन शाम 7 बजे तक कर लेना चाहिए। यह पाचन को बेहतर करने के साथ ही अच्छी नींद और दिल-दिमाग को दुरुस्त करने में सहायक साबित होता है। तो चलिए रात का भोजन जल्दी करने से मिलने वाले सेहत लाभ के बारे में विस्तार से जानते हैं।

### पाचन रहता है दुरुस्त

रात में जल्दी भोजन करना पाचन के लिए बेहद लाभकारी साबित होता है। इससे भोजन को पचने के लिए पर्याप्त समय मिलता है और इसके चलते अपच, कब्ज और एसिडिटी जैसी समस्याओं से बचाव होता है। इसलिए जिन लोगों को पेट से जुड़ी समस्याएं रहती हैं उन्हें रात का भोजन जल्दी करने की कोशिश करनी चाहिए।

### दिल को सेहतमंद रखने में मददगार

रात का भोजन से समय लेने पर ब्लड प्रेशर और हृदय गति संयमित रहती है, जिससे हृदय संबंधी समस्याओं को जोखिम कम होता है। इसलिए अगर किसी को हृदय संबंधी समस्याएं हैं तो उसे रात का जल्दी भोजन करना चाहिए।

शुगर नियंत्रित रखने में सहायक



---

## बनना है 'किचन क्वीन' तो अपनाएं उपाय, काम भी चुटकी में निपटेगा



किचन हैक्स गृहणियों के काम को आसान बनाने और उन्हें किचन से जल्दी फ्री करने के लिए बेस्ट चीज है। आजकल इंटरनेट पर हर गृहणी स्मार्ट कुकिंग और क्लीनिंग हैक्स तलाशते रहती हैं, जिससे उनका काम फटाफट निपट सके। हम भी अपने पाठकों के लिए आए दिन कुकिंग और क्लीनिंग से जुड़े हैक्स शेयर करते रहते हैं, जिससे उनका काम फटाफट निपट सके।

### स्पून को ऑर्गेनाइज

किचन में रखे सामानों को हम सभी किसी न किसी कंटेनर में जरूर स्टोर करते हैं। कुछ कंटेनर छोटे होते हैं, इसलिए उनके लिए छोटे वाले स्पून का उपयोग करते हैं। जैसा कि आप इमेज में देख सकते हैं कि कैसे मिल्क पाउडर, कंडेंस्ड मिल्क जैसे डिब्बों में मिलने वाले स्पून को स्टोर किया जाता है। आप कंटेनर के एल्युमिनियम फॉयल को चाकू की मदद से आधा काट लें और बचे हुए आधा जगह में छेद बनाकर आप स्पून को स्टोर कर सकते हैं। इससे स्पून गंदा नहीं होगा और सामान निकालने में भी आसानी होगी।

### छेद वाली चम्मच से बनाएं बूंदी

पूड़ी तलने के लिए हो या सब्जी छानने के लिए सभी रसोई में छेद वाली चम्मच जरूर होती है। इसका उपयोग घरों में चावल, सब्जी, दाल और हलवा समेत कई सारी चीजें बनाने के लिए किया जाता है। आप इसकी मदद से घर पर ही इंस्टेंट बूंदी बना सकते हैं। बूंदी बनाने के लिए आप एक कटोरी में दो बड़ा चम्मच बेसन लें, आधा चुटकी से कम बेकिंग सोडाऔर पानी डालकर गाढ़ा घोल बनाएं।

घोल को अच्छे से फेंटकर गैस में तेल गर्म करने के लिए रखें। तेल गर्म हो जाए तो छेद वाली चम्मच को तेल के ऊपर रखें और बेसन का घोल डालकर बैटर को गोल-गोल चलाएं। दूसरे कलछी की मदद से बूंदी को हिलाएं और सुनहरा होने तक सेक लें। सेकने के बाद प्लेट में बूंदी निकाल लें और बाकी घोल से भी बूंदी बनाकर इस्तेमाल करें।

---

## अक्षय तृतीया पर नहीं खरीद सकते सोना-चांदी तो घर लाएं ऐसी चीजें



हिंदू पंचांग के अनुसार अक्षय तृतीया साल का दूसरा माह माना जाता है। यह हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस साल 10 मई को अक्षय तृतीया का पर्व मनाया जाएगा। इस तिथि के दिन मां लक्ष्मी की विधिवत पूजा-अर्चना करने का विधान है। इस दिन सोना-चांदी खरीदने का विशेष महत्व है। अब ऐसे में महंगाई के कारण अगर आप सोना-चांदी नहीं खरीद पा रहे हैं, तो इसके अलावा भी कई ऐसी चीजें हैं। जिसे खरीदने से लाभ हो सकता है। ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी विस्तार जानकारी दे रहे हैं।

**श्रीयंत्र:** अक्षय तृतीया के दिन श्रीयंत्र खरीदना अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दिन श्रीयंत्र खरीदने के बाद घर के पूजा स्थल पर जरूर रखें। इससे माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु की कृपा बनी रहत है और सौभाग्य की प्राप्ति हो सकती है।

**कौड़ी:** अक्षय तृतीया के दिन कौड़ी खरीदना उत्तम माना जाता है। इस दिन कौड़ी खरीदें और माता लक्ष्मी के चरणों में अर्पित करें। इससे लाभ हो सकता है। साथ ही घर में सुख-समृद्धि की भी आगमन हो सकता है।

**मटका:** अक्षय तृतीया के दिन अगर आप सोना-चांदी नहीं खरीद सकते हैं, तो मिट्टी का मटका अवश्य खरीदें। इससे जातक को कभी किसी भी चीज की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है।

**पीली सरसों:** अक्षय तृतीया के दिन पीली सरसों खरीदना अत्यंत शुभ फलदायी माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि अगर आप पीली सरसों खरीदते हैं, तो विवाह में चल रही परेशानियों से छुटकारा भी मिल सकता है।

---

कार्नर न्यूज

अभिभावक अगर समझदारी से काम लें तो बच्चे भी रहेंगे अनुशासित

# बिना कहे खुद पढ़ने बैठ जाएगा आपका बच्चा, अगर अपनाएंगे संतुलित तरीके

माता पिता बच्चे के उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें अच्छे स्कूल में डालते हैं। अच्छी शिक्षा बच्चे के बेहतर करियर और भविष्य के लिए जरूरी है। अभिभावक बच्चे की कोचिंग और अन्य जरूरी चीजें उपलब्ध कराकर उन्हें हर तरह से पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करते हैं। लेकिन बच्चा अगर पढ़ाई में मन ही नहीं लगाता है तो माता पिता की चिंता भी बढ़ जाती है। कई बार माता पिता के कहने पर बच्चा पढ़ने तो बैठ जाते हैं लेकिन उनका ध्यान पढ़ाई में नहीं लगता। माता पिता डांट फटकार कर बच्चों पर दबाव बनाते हैं। हालांकि डांटने या जबरन पढ़ाने से बच्चे की रुचि पढ़ाई में नहीं बढ़ती। यहां अभिभावकों को कुछ ऐसे तरीके बताए जा रहे हैं जो उन्हें पढ़ाई से मुंह चुराने नहीं देंगे और खुद ब खुद उनका मन पढ़ाई में लगने लगेगा।



### प्रोत्साहित करें

माता पिता को समय समय पर बच्चे की सराहना करनी चाहिए। बच्चा अपने अभिभावक से तारीफ की उम्मीद रखता है। तारीफ सुनकर वह वही काम करना चाहता है, जिससे माता पिता और तारीफ करें। हालांकि जानें अनजाने अभिभावक बच्चे की तुलना करके उनका मनोबल कम करते हैं। ऐसा करने से बचें और उनकी गलतियां निकालने और दूसरो से तुलना करने के बजाए बच्चे की तारीफ करें।

### दबाव न डालें

बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करें लेकिन उन पर दबाव न डालें। पढ़ाई का दबाव बच्चे पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। इस कारण उनको पढ़ाई बोझ की तरह लगती है। उनपर जरूरत से अधिक दबाव न बनाएं, हंसते-खेलते बच्चों को पढ़ाई की कठिन बातें समझाने की कोशिश करें।

### सही माहौल दें

बच्चे पढ़ाई में आनाकानी करते हैं, उसका एक कारण घर में पढ़ाई का सही माहौल नहीं होना है। इसी वजह से बार बार टोंकने पर भी बच्चा नहीं पढ़ता। बच्चे को बिना बोले पढ़ाना चाहते हैं तो सबसे पहले अपने घर का माहौल शांत रखें। पढ़ने वाली जगह को सेट करके रखें और पढ़ाई की डेस्क जरूर बनाएं, जहां वह खुद ब खुद बैठकर पढ़ सकें।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## लंबे इंतजार के बाद मुफासा की वापसी, 'मुफासाः द लॉयन किंग' का ट्रेलर रिलीज

'द लॉयन किंग' के प्रीक्वल 'मुफासाः द लॉयन किंग' का ट्रेलर सोमवार को रिलीज हो गया है। इसी के साथ फिल्म की रिलीज डेट भी सामने



आ गई है। इस बार कहानी भूतकाल में चलेगी, जो बेहद रोमांचकारी साबित हो सकती है।'द लॉयन किंग' के 'प्रीक्वल मुफासाः द लॉयन किंग' का ट्रेलर सोमवार को रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म में मुफासा और उसके भाई स्कार की कहानी दिखाई जाएगी। वॉल्ट डिज्नी स्टूडियोज ने 'मुफासाः द लॉयन किंग' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज किया है। ट्रेलर में 'रफीकी' को 'मुफासा' की कहानी बताते हुए सुना जा सकता है। 'द लॉयन किंग' के प्रीक्वल में 'मुफासा' और उसके भाई 'स्कार' की कहानी दिखाई जाएगी। मुफासा को एक अनाथ शेर के शावक के रूप में दिखाया गया है, जो मुश्किलों का सामना करते हुए खुद को एक योद्धा के तौर पर स्थापित करता है। रफीकी ट्रेलर में कहता है, 'धरती हिल जाएगी, किस्मत तुम्हारा इंतजार कर रही है'।

### टॉलीवुड

## खत्म होने वाला है 'हरि हर वीरा मल्लू' का इंतजार, कल आएगा टीजर

पवन कल्याण की फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' पर काफी लंबे समय से काम चल रहा है। दर्शक इसकी रिलीज का इंतजार करते-करते




थक चुके है। हिंदी के दर्शक भी इस फिल्म की बाट देख रहे हैं। यह पवन कल्याण की पैन इंडिया फिल्म है। फिल्म निर्माताओं ने अब 'हरि हर वीरा मल्लू' पर बड़ा अपडेट साझा करते हुए उत्सुकता बढ़ा दी है। पवन कल्याण के फैंस 'हरि हर वीरा मल्लू' के टीजर को देखने के लिए उतावले हैं। इसी बीच खबर आ रही है कि फिल्म निर्माताओं ने टीजर जारी करने की तारीख का एलान कर दिया है। इसका टीजर 2 मई को सुबह नौ बजे रिलीज किया जाएगा। इस खबर से फैंस काफी खुश नजर आ रहे हैं। हालांकि, कुछ प्रशंसक इस बात की आस लगाए बैठे थे कि फिल्म का नया पोस्टर जारी होगा, जिसके साथ-साथ रिलीज की तारीख का भी एलान कर दिया जाएगा। 'हरि हर वीरा मल्लू' का निर्देशन कृष जगरलामुडी ने किया हैं। यह एक पीरियड एक्शन एडवेंचर फिल्म है। फिल्म दो भाग में रिलीज की जाएगी। इसमें पवन कल्याण और निधि अग्रवाल मुख्य किरदार अदा कर रहे हैं। हिंदी के दर्शकों के बेताब होने की वजह यह है कि इसमें बॉबी देओल भी अभिनय करते नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण मेगा सूर्या प्रोडक्शन के बैनर तले केएएम रत्नम ने किया है। एक कमाल की बात यह भी है कि इसमें एमएम कीरावनी का संगीत सुनने को मिलने वाला है। वह अपने काम के लिए ऑस्कर जीत चुके हैं। उनकी धुनें फिल्म के एक्शन सीन में जान डाल सकती है।

### भोजपुरी

## सेंसर बोर्ड की रिवाइजिंग कमेटी ने पास की भोजपुरी फिल्म 'जया'

केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड यानी सेंसर बोर्ड के मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय ने अपनी पुनरीक्षण समिति (रिवाइजिंग कमेटी) को सक्रिय कर दिया है। इस समिति ने बीते तीन महीने से लंबित पड़ी



फिल्मों की स्क्रीनिंग भी शुरू कर दी है। शनिवार को इस समिति ने जनवरी से लंबित भोजपुरी फिल्म 'जया' देखी और फिल्म को कुछ बदलाव के साथ पास करने का फैसला दे दिया।जानकारी के मुताबिक सामाजिक समरसता और महिला सशक्तिकरण पर बनी निर्देशक धीरू यादव की फिल्म 'जया' को सेंसर बोर्ड ने सिर्फ इसलिए सेंसर सर्टिफिकेट देने से इन्कार कर दिया था कि फिल्म की नायिका फिल्म के क्लाइमेक्स में अकेले रहने का फैसला कर लेती है। सेंसर बोर्ड की परीक्षण समिति (एग्जामिनिंग कमेटी) के सदस्यों का इस बारे में यही मानना रहा कि बिहार या पूर्वी उत्तर प्रदेश में बिना पति के सहारे किसी महिला का समाज में रहना ठीक नहीं है! केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड यानी सेंसर बोर्ड के मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारी फिल्म 'आदिपुरुष' को लेकर अदालत में हुई अपनी खिंचाई के बाद से अतिरिक्त सजग हो गए हैं। फिल्म 'पटना शुक्ला' में इसी के चलते बिहार यूनिवर्सिटी का नाम बदलकर विहार यूनिवर्सिटी किया गया। निर्माता-निर्देशक के सी बोकाडिया की फिल्म 'तीसरी बेगम' से जय श्री राम हटाने का आदेश दिया गया। फिल्म 'तीसरी बेगम' के मामले की बॉम्बे हाईकोर्ट में सुनवाई शुरू हो चुकी है और सरकारी वकील के लिए इस फिल्म की स्क्रीनिंग भी हो चुकी है। भोजपुरी फिल्म 'जया' को लेकर फिल्म की परीक्षण समिति की आपत्तियों के खिलाफ इसके निर्माता रत्नाकर प्रसाद ने सेंसर बोर्ड में याचिका जनवरी में ही दाखिल कर दी थी। आवेदन में इसे पुनरीक्षण समिति द्वारा देखने का आग्रह किया था, लेकिन उनके इस आवेदन पर तीन महीने बाद तक कोई कार्रवाई ही नहीं हुई।




सोवियत संघ के जमाने में पूरा रूसी परिदृश्य दुनिया की नजरों से ओझल रहता था। इसलिए इसे आयरन कर्टेन (लोहे की दीवार) के नाम से भी जाना जाता था। लेकिन फिजा बदल चुकी है और रूस की राजधानी मास्कों में दुनिया भर के फैशन डिजाइनर अपना कलेक्शन लेकर पहुंचते हैं। पिछले सप्ताह मॉस्को में हुए फैशन वीक में दर्शकों को दुनिया भर के फैशन से रूबरू होने का मौका मिला। फैशन की दुनिया में स्थापित नामों से लेकर उभरती प्रतिभाओं तक ने यहां अपने कलेक्शन प्रदर्शित किए।

## रोजाना आंखों में काजल लगाना पड़ सकता है भारी, जानें क्यों?



मेकअप करना तो हम सभी पसंद करते हैं। इसमें आई मेकअप का रोल अहम होता है। आई मेकअप में ज्यादातर हम हैवी मेकअप की जगह केवल काजल लगाना ही पसंद करते हैं। काजल के नए-नए डिजाइन व कलर ऑप्शन देखने को मिल जाएंगे। वहीं क्या आप जानती हैं कि काजल को आंखों में रोजाना लगाना भी आपके लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। तो आइये जानते हैं काजल को आंखों में रोजाना लगाने से क्या होता है। साथ ही, जानेंगे आंखों में लगे काजल को हटाने का सही तरीका-

आंखों में काजल लगाना गलत नहीं होता है, लेकिन अगर इसे सही तरीके से लगाया या हटाया नहीं गया तो आपकी आंखों में यह नुकसानदायक साबित हो सकता है। इसमें मौजूद केमिकल आंखों को ड्राई कर सकते हैं और रोजाना इसे आंखों में लगाने से ड्राईनेस बढ़ सकती है। आंखों में ड्राईनेस के बढ़ने से आई इन्फेक्शन हो सकता है और इसके अलावा भी आंखों को कई तरह के नुकसान झेलने पड़ सकते हैं।

आंखों में लगे काजल को हटाने के लिए आप केमिकल वाले मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल करना अवॉयड ही करें। इसके लिए आप इअरबड्स की मदद ले सकती हैं और हल्के हाथों के दबाव से धीरे-धीरे काजल को वॉटरलाइन से हटा सकती हैं। आंखों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए आप बिना केमिकल वाले ही प्रोडक्ट को चुनें। इसके लिए आप किसी अच्छे ब्रांडेड काजल का आंखों में इस्तेमाल करें। इसके अलावा आप ऐसा प्रोडक्ट चुनें जिसमें ऑयल की मात्रा अधिक हो ताकि यह आपकी आंखों को ड्राई न कर पाए।

## सिंपल की जगह पहनें फिरन स्टाइल सलवार-सूट की ये फैंसी डिजाइंस




सूट तो हम रोजाना से लेकर किसी भी फंक्शन में पहनना पसंद करते हैं। किसी भी लुक में हम हमेशा स्टाइलिश ही दिखना चाहते हैं। इसके लिए हम आए दिन सूट में कुछ न कुछ नई वेरायटी देखते हैं। आजकल की बात करें तो कश्मीरी या पाकिस्तानी स्टाइल फिरन सलवार-कमीज को काफी ज्यादा पसंद किया जा रहा है।

फिरन को स्टाइल करने के तरीके हर बॉडी टाइप के अनुसार अलग होते हैं। तो आइये आज हम आपको दिखाने वाले हैं फिरन स्टाइल सलवार-सूट के लेटेस्ट डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन सलवार-सूट को स्टाइल करने के आसान टिप्स-

### लॉन्ग कुर्ती स्टाइल फिरन सूट

लूज स्टाइल में लॉन्ग स्टाइल कुर्ती आजकल काफी चलन में है। इस तरह के लुक के साथ में आप चूड़ीदार पजामी को पहन सकती हैं। चाहे तो आप इस तरह के लुक में दुपट्टे को स्किप भी कर सकती हैं। वहीं नेकलाइन के लिए आप इस तरह के लुक में वी-नेकलाइन को बनवा सकती हैं। गोटा-पत्ती लेस की कई लेयर्स की मदद लेकर आप नेकलाइन को फैंसी लुक दें।



### फैंसी डिजाइन फिरन सूट

किसी पार्टी में जा रही हैं तो फैंसी लुक के लिए आप 3डी लुक में सूट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आप घुटने तक की फिरन स्टाइल कमीज के साथ में एंकल लेंथ कम चूड़ी सलवार को स्टाइल करें। साथ ही, गले में दुपट्टे को पहनकर लुक को आकर्षक बना सकती हैं। इस तरह का सूट आपको मार्केट में रेडीमेड लगभग 2,000 रुपये में मिल जाएगा।

### शॉर्ट स्टाइल फिरन सूट

आजकल फिर से लूज डिजाइन की शॉर्ट कुर्ती को काफी पसंद किया जाने लगा है। इस तरह की शॉर्ट स्टाइल कुर्ती के साथ में आप धोती स्टाइल वाली सलवार को पहन सकती हैं। इस तरह के लुक खासकर पंजाबी स्टाइल में कैरी किए जाते हैं। आप चाहे तो इसमें फिरन स्टाइल में चाक (स्लिट) में चौड़ी डिजाइन की लेस भी लगवा सकती हैं।

## को ऑर्ड सेट में दिखेगा ग्लैमरस लुक इन ज्वेलरी डिजाइन को करें स्टाइल

को ऑर्ड आउटफिट आजकल हर कोई पहनना पसंद करता है। किसी को प्रिंटेड ड्रेस पसंद होती है तो कोई प्लेन आउटफिट को स्टाइल करता है। लेकिन यह लुक अच्छा तभी लगता है जब आप इसके साथ अलग-अलग डिजाइन की ज्वेलरी को कैरी करती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक अट्रैक्टिव नजर आता है। अगर आप भी लुक में कुछ नया एड करना चाहती हैं तो यहां दिखाए गए ज्वेलरी डिजाइन को वियर कर सकती हैं।



### लेयर चेन सेट

चेन सेट आप को ऑर्ड सेट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग डिजाइन मिल जाएंगे। इसे आप किसी पेंडेट के साथ भी खरीद सकती हैं या आप चाहें तो सिंपल डिजाइन में भी ले सकती हैं। इसमें आपको हर एक कलर गोल्डन, मल्टीकलर, सिल्वर या ब्रॉन्ज चेन मिल जाएगी। जिसे आप किसी भी कलर के को ऑर्ड सेट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में इस तरह की चेन आपको 100 से 150 रुपये में मिल जाएगी।

### स्टोन वर्क इयररिंग्स

अगक आप किसी पार्टी में को ऑर्ड सेट को स्टाइल कर रही हैं तो इसके साथ ज्यादा ज्वेलरी वियर करने के जरूरत नहीं है एक स्टोन वर्क इयररिंग्स पहन सकती हैं। इसमें आपको डैंग्लस, स्टड या ड्रोप हर तरह के डिजाइन में अलग-अलग पैटर्न वाले इयररिंग्स मिल जाएंगे। इन इयररिंग्स को आप किसी भी ड्रेस के साथ वियर कर सकती हैं। आप चाहें तो स्टड इयररिंग्स में बड़ा स्टोन लेकर स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में इस तरह के इयररिंग्स आपको 200 से 250 रुपये में मिल जाएंगे।

## गुलाब और दही की मदद से गर्मियों में बनाए जा सकते हैं ये कूलिंग फेस पैक

गर्मी के मौसम में आपकी स्किन अतिरिक्त केयर मांगती है। ऐसे में हम सभी कई प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि, गर्मी में स्किन की देखभाल करने का एक सबसे अच्छा तरीका होता है कि आप नेचुरल व कूलिंग इंग्रीडिएंट का इस्तेमाल करें। ऐसे में गुलाब और दही की मदद से फेस पैक बनाना यकीनन अच्छा आइडिया है। गुलाब और दही दोनों में ही कूलिंग गुण पाए जाते हैं, जो धूप के कारण होने वाली रेडनेस और जलन को शांत कर सकते हैं। इससे सनबर्न से भी राहत मिल सकती है।

साथ ही साथ, ये पोर्स को टाइटन करता है और अतिरिक्त तेल उत्पादन को कम करता है। गुलाब और दही का कॉम्बिनेशन ऐसा है जो आपकी किसी भी स्किन टाइप के लिए काफी अच्छा रहता है। इतना ही नहीं, आप अपनी स्किन टाइप को ध्यान में रखते हुए गुलाब और दही के साथ अन्य इंग्रीडिएंट्स को मिक्स करके कई अलग-अलग फेस पैक बना सकती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको गुलाब और दही की मदद से बनने वाले कुछ फेस पैक के बारे में बता रहे हैं-



### गुलाब की पंखुड़ियों और दही फेस पैक


यह एक ऐसा फेस पैक है, जो हर स्किन टाइप को कूलिंग इफेक्ट देता है। साथ ही, इससे आपकी स्किन ग्लोइंग भी बनती है। सबसे पहले मुट्ठी भर ताजी गुलाब की पंखुड़ियां लें और उसे पीसकर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को 2 बड़े चम्मच दही के साथ मिक्स कर लें। अब अपने फेस को क्लीन करें और इस मिश्रण को अपने चेहरे व गर्दन पर लगाएं। इसे कम से कम 15-20 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें।

कार्नर न्यूज

### आज लड़कियों के मुकाबले लड़कों को भी ध्यान देना चाहिए अपने लुक पर

## पार्टी में जाने के लिए लड़कों को तैयार होना चाहिए ऐसे, पलट कर देखेगा हर कोई

*जब भी किसी पार्टी में जाना होता है तो लड़कियां इसकी तैयारी कई दिन पहले से शुरू कर देती हैं। चाहे लड़कियों का आउटफिट हो या ज्वेलरी, सब कुछ एकदम खास ही होता है। वहीं अगर बात करें लड़कों की, तो लड़कों को लगता है कि वो बस अच्छे कपड़े पहनकर और सही से हेयर स्टाइल बनाकर अगर पार्टी में जाएंगे, तो हर कोई उन्हें देखता रह जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं है। पार्टी में जाने के लिए सिर्फ कपड़े से लेकर जूते और फिर हेयर स्टाइल अच्छा होना काफी नहीं है। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।*



### कराएं हेयर कट

पार्टी में जाने से करीब तीन से चार दिन पहले हेयर कट लें। ध्यान रखें कि इस दौरान कोई एक्सपेरिमेंट करने से बचें। अपने बाल सही से सेट कराकर इसे ऐसे ही रहने दें। ताकि पार्टी के दिन आपका लुक परफेक्ट दिखे।

### स्किन को करें एक्सफोलिएट

पार्टी में जाने से एक दिन पहने अपनी त्वचा को सही तरह से एक्सफोलिएट जरूर करें। इसकी वजह से त्वचा की डेड स्किन निकल जाती है, जिसके बाद चेहरा ग्लो करने लगता है।


### मॉइश्चराइजर है जरूरी

तैयार होने से पहले त्वचा पर मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल जरूर करें। अगर आप मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल नहीं करेंगे तो आपकी त्वचा रूखी लगेगी।

**पार्टी वाले दिन करें शीट मास्क का इस्तेमाल-** जिस दिन पार्टी हो, उसी दिन पार्टी के कुछ घंटे पहले शीट मास्क का इस्तेमाल जरूर करें। इससे आपके चेहरे की थकान कम दिखेगी और आपका चेहरा ग्लो करेगा।

### दांतों को रखें साफ

पार्टी में जाने से तुरंत पहले एक बार दांतों को अच्छी तरह से साफ करें। इससे आपके मुंह की बदबू भी कम होगी और अगर दांतों में कहीं खाना फंसा होगा तो वो भी निकल जाएगा।



### हल्का मेकअप करें

मेकअप सिर्फ लड़कियों के लिए नहीं बना है, ऐसे में आप भी पार्टी में जाने से पहले हल्का मेकअप कर सकते हैं।